

दैनिक

नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

K K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-83 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 07 मई 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना

## आज देश में बजेंगे सायरन

### गृह मंत्रालय ने बढ़ाई मॉक ड्रिल की रेंज, 244 नहीं, अब 295 जिलों में नागरिकों को दी जाएगी ट्रेनिंग



नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ लगातार बढ़ रहे तनाव और संभावित खतरों को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कल, बुधवार को देश के 295 जिलों में एक बड़े पैमाने पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित करने का फैसला किया है। शुरुआत में यह संख्या 244 बताई गई थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 295 कर दिया गया है। यह संख्या में बदलाव इसलिए हुआ है क्योंकि साल 2010 के बाद हुए जिलों के पुनर्गठन और नए जिलों के बनने से सिविल डिफेंस के लिए तैयार जिलों की संख्या में 51 का इजाफा हुआ है। इसी के मद्देनजर अब 295 जिलों में यह मॉक ड्रिल कराई जा रही है। यह अभ्यास पांच दशकों से भी अधिक समय के बाद इतने बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले आखिरी बार साल 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय ही इतने बड़े स्तर पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल हुई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह किसी युद्ध से पहले का अब तक का सबसे बड़ा मॉक ड्रिल साबित हो सकता है।इस विशाल मॉक ड्रिल में सिविल डिफेंस कर्मियों के साथ-साथ विभिन्न संगठन और स्वयं सहायता समूह भी अपने-अपने स्तर पर भाग ले रहे हैं। इसके लिए उन्होंने संबंधित स्थानीय और राज्य स्तरीय अधिकारियों को सूचित कर दिया है। इसके अलावा, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने भी अपने सांसदों से इस ड्रिल में आम नागरिक के तौर पर हिस्सा लेने का आग्रह किया है। छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्य भी इस महत्वपूर्ण अभियान का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति, खासकर हवाई या आतंकी हमले की सूरत में, नागरिकों और संबंधित एजेंसियों की तैयारी और प्रतिक्रिया तंत्र को परखना और सुधारना है।

### एमपी के इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, कटनी में आज होगी मॉक ड्रिल

भोपाल(ए)। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश के देश के 244 शहरों में बुधवार को होने वाले मॉक ड्रिल एमपी के भी पांच शहरों में भी की जायेगी। इनमें इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी शामिल हैं। इन शहरों में बुधवार को होमगार्ड, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस के जवान मॉक ड्रिल करेंगे। यह मॉक ड्रिल केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के आधार पर होगी। प्रदेश के सीएम डॉक्टर मोहन यादव ने इसकी जानकारी कैबिनेट बैठक में मंत्रियों के साथ साझा की। सीएम यादव ने बताया कि वर्तमान राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर प्रदेश के पांच नगरों इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में मॉक ड्रिल होगी। दोपहर बाद सायरन के माध्यम से खतरे की सूचना, ब्लैक आउट, प्रमुख सरकारी और गैर सरकारी इमारतों को सुरक्षित रखने, दुर्घटना की स्थिति में घायलों को सुरक्षित निकालने जैसी गतिविधियों की ड्रिल की जाएगी। संबंध में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं।



कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला नई दिल्ली में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में पंडित मोतीलाल नेहरू की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

### इस बार बाबा बर्फानी की 7 फीट ऊंची शिवलिंग, 3 जुलाई से होगी यात्रा शुरु



श्रीनगर,(ए)। अमरनाथ की गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आई है। इस बार बर्फ का शिवलिंग करीब 7 फीट ऊंचा बना है। इस शिवलिंग के दर्शन के लिए देशभर से लाखों लोग बाबा के दर्शन करने आते हैं। यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी जो करीब 38 दिन तक चलेगी। 9 अगस्त को छड़ी मुबारक के साथ रक्षाबंधन के दिन यह यात्रा पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं।पहलगाम में हुए आतंकी हमले का अमरनाथ यात्रा पर कोई असर नहीं नजर आ है।

### इंटर टच का कदम : 'मार्कोनाइट' ब्रांड के दुरुपयोग पर कानूनी नोटिस

नई दिल्ली, (आरएनएस)। यूके स्थित कंपनी कार्बन इंटरनेशनल लिमिटेड के भारत में अधिकृत प्रमुख वितरक इंटर टच ने देश में मार्कोनाइट ब्रांड के अवैध उपयोग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। कंपनी ने उन फर्मों को कानूनी नोटिस भेजने शुरू कर दिए हैं जो बिना अनुमति के मार्कोनाइट नाम का उपयोग करते हुए ग्राउंडिंग सामग्री और इयरथिंग इलेक्ट्रोड्स की आपूर्ति कर रही हैं।मार्कोनाइट एक विशेष कंडक्टिव कंक्रीट है जिसका उपयोग अर्थिंग (ग्राउंडिंग) में किया जाता है, और इसका निर्माण केवल यूनाइटेड किंगडम में किया जाता है। पिछले 12 वर्षों से इंटर टच भारत में इसका प्रमुख वितरक रहा है और इस दौरान इसने एक विशिष्ट पहचान और ग्राहकों का विश्वास अर्जित किया है। कंपनी ने कहा है कि नकली उत्पादों को मार्कोनाइट के नाम पर बेचने से न केवल ट्रेडमार्क उल्लंघन होता है, बल्कि इससे बिजली प्रणालियों की सुरक्षा भी गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है और जान-माल का खतरा बढ़ता है।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बड़ा हादसा : खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, 4 की मौत; 44 घायल

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मंगलवार सुबह एक निजी यात्री बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 44 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब 9 बजकर 20 मिनट पर मानकोट इलाके के सांगरा के पास उस समय हुआ, जब बस घनी गांव से मेंढर की ओर जा रही थी। बस अचानक सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरी।हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस, सीआरपीएफ और सेना के जवान बचाव कार्य के लिए तुरंत मौके पर पहुंचे। सभी घायल यात्रियों को खाई से निकालकर नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया।अधिकारियों ने मृतकों की पहचान घनी गांव निवासी 45 वर्षीय मोहम्मद मजीद, 55 वर्षीय शकीला बेगम और कस्बलारी निवासी 60 वर्षीय नूर हुसैन के रूप में की है। बताया गया है कि मृतक मोहम्मद मजीद असम में तैनात एक सैनिक थे और छुट्टी पर अपने गांव आए हुए थे।

## कोई ऐसा पैदा नहीं हुआ जो नीतीश कुमार को हाईजैक कर सके : तरुण चुघ

पटना, (आरएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के उस बयान पर निशाना साधा है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हाईजैक कर लिया है। तरुण चुघ ने कहा कि कोई ऐसा पैदा नहीं हुआ है जो नीतीश कुमार को हाईजैक कर ले। तरुण चुघ ने मंगलवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि नीतीश कुमार देश की राजनीति में सबसे ज्यादा सेवा करने वाले सूझवान नेता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार में नीतीश कुमार की अजेय जोड़ी है। इस जोड़ी का कोई तोड़ नहीं है।

दोनों ने हमेशा गरीबों के लिए काम किया। उन्होंने कहा, इन दोनों की जोड़ी से इंडी अलायंस में घबराहट है। तेजस्वी यादव का बयान उनकी निराशा का सूचक है।मीडिया से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि अब यह आम धारणा हो गई है। मुख्यमंत्री जिस स्थिति से गुजर रहे हैं, उसे लेकर हम लोगों को पीड़ा है, लेकिन बार-बार मुख्यमंत्री को यह कहना पड़ रहा है कि वह टायर्ड हो चुके हैं। मुख्यमंत्री को बार-बार यह बताना पड़ रहा है कि कोई उन्हें लेकर उधर चले गए, फलां लेकर चले गए।

## एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर एक महीने में लगाया जाए पूर्ण प्रतिबंध : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पटाखे जलाने के कारण होने वाले वायु प्रदूषण के मामले पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में पटाखों के निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब एनसीआर में शामिल अन्य राज्यों को एक महीने के भीतर प्रतिबंध लगाना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आतिशबाजी की स्थिति में शिकायत निवारण और शिकायत तंत्र बनाना होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि दिल्ली ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम (ईपीए) की धारा पांच के तहत यह निर्देश जारी किए हैं, ताकि जुर्माना लगाया जा सके और अन्य राज्यों को भी इसका पालन करना चाहिए।



जस्टिस अभय एस. ओक की बेंच ने अपने आदेश में कहा कि हमने दिल्ली तथा एनसीआर में पटाखों के निर्माण और बिक्री पर प्रतिबंध के मामले में सुनवाई के दौरान तीन अप्रैल को आदेश जारी कर निर्देश दिए थे।कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा आदेश के अनुपालन का हलफनामा दाखिल कर बताया गया कि पटाखों का निर्माण, भंडारण आदि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

कोर्ट ने कहा कि इस आधार पर हम एनसीआर के क्षेत्रों में राजस्थान, यूपी और हरियाणा को ईपीए की धारा 5 के तहत इसी तरह के निर्देश जारी करने का निर्देश देते हैं और इसे एक महीने के भीतर जारी किया जाए।सुप्रीम कोर्ट ने बीते 3 अप्रैल को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध को सही ठहराया था। अदालत ने कहा था कि जब तक यह स्पष्ट रूप से साबित नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से जीरो प्रदूषण होता है, तब तक प्रतिबंध के पुराने आदेश में बदलाव करने का कोई औचित्य नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में संविधान के अनुच्छेद 21 का हवाला देते हुए कहा था कि स्वच्छ वातावरण में जीना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। वायु प्रदूषण के बढ़ते खतरों को देखते हुए पटाखों पर प्रतिबंध लगाया गया था।

## बेटियाँ बढ़ा रही है प्रदेश का मान, सम्मान और गौरव : सीएम डॉ.यादव

*हाई स्कूल में 76.22 प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी में 74.48 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम*




भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 76.22 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 74.48 प्रतिशत विद्यार्थियों ने पिछले 15 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सफलता हासिल की है। यह सफलता लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और लगन का प्रतिफल है। प्रदेश की प्रतिभाशाली बेटियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर अपने अभिभावकों, शिक्षकों के साथ मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है। बेटियाँ हमारा, मान, सम्मान और गौरव बढ़ा रही हैं। हाईस्कूल में सिंगरौली की बेटी प्रज्ञा जायसवाल ने शत प्रतिशत 500 अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान और हायर सेकेण्डरी में भी सतना अमरपाटन की बेटी प्रियल द्विवेदी ने 492/500 (विज्ञान - गणित समूह) अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल 10वीं एवं हायर सेकेण्डरी 12वीं परीक्षा वर्ष 2024-25 के परिणामों को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से घोषित कर सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अभिभावकगण एवं शिक्षकगणों को भी बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा प्रकाशित परीक्षा संचालन मानक प्रक्रिया निर्देशिका का विमोचन किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन, माध्यमिक शिक्षा मण्डल की महानिदेशक श्रीमती स्मिता भारद्वाज उपस्थित रहीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो विद्यार्थी आज असफल रहे, उन्हें निराश नहीं होना है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत असफल विद्यार्थियों को एक बार फिर परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा और जो विद्यार्थी अपना स्कोर बढ़ाना चाहते हैं वह भी दोबारा परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।




## हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे, बर्फ काटकर बनाया जा रहा पैदल मार्ग



चमोली, (आरएनएस)। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। समुद्र तल से 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पवित्र स्थल तक पहुंचने वाले 6 किलोमीटर लंबे 'गुरु आस्था पथ' पर बर्फ की मोटी चादर और भारी हिमखंड पसरे हुए हैं। इन्हें हटाने के लिए भारतीय सेना की विशेष टुकड़ी और गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के सेवादार युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं।

हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के वरिष्ठ प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि गुरु कृपा से यात्रा की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। गोविंद घाट से लेकर गोविंद धाम और हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा तक सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा है।

सेवा सिंह ने बताया, इस साल 25 मई को श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। यहां पर एक पुल डैमेज हुआ था, भगवान की कृपा से वह भी ठीक हो गया है और सभी गुरुद्वारों में तैयारियां चल रही हैं। नीचे से सामान पर्याप्त मात्रा में लाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस बार मौसम की विषम परिस्थितियों और लगातार हो रही बर्फबारी के बावजूद सेना के जवान और ट्रस्ट के सेवादार पूरी निष्ठा के साथ बर्फ हटाने के काम में जुटे हुए हैं। हेमकुंड साहिब परिसर से लेकर अटलाकोटी पैदल मार्ग तक का रास्ता साफ किया जा रहा है।

बता दें कि करीब 25 जवान और दर्जनों सेवादार बर्फ को काटकर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित मार्ग तैयार कर रहे हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि बर्फबारी के बीच भी जवान पूरे जोश के साथ काम में लगे हैं।

हेमकुंड साहिब की यात्रा हर वर्ष हजारों श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक आस्था का केंद्र होती है। इस बार की यात्रा भी पूरी सुरक्षा और सुविधा के साथ संपन्न कराने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### पहलगाम हमले पर खड़गे का बड़ा दावा : 'हमले से 3 दिन पहले पीएम मोदी को भेजी गई थी खुफिया रिपोर्ट, इसलिए रद्द किया कश्मीर दौरा'

रांची (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया है कि हमले से ठीक तीन दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक खुफिया रिपोर्ट भेजी गई थी, जिसके बाद उन्होंने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था।



झारखंड की राजधानी रांची में 'संविधान बचाओ रैली' को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम हमले को इंटेलिजेंस फेलियर करार दिया। उन्होंने कहा, सरकार ने इसे माना है और वे इसे हल करेंगे। लेकिन, अगर उन्हें यह पता था, तो उन्होंने कुछ क्यों नहीं किया? उन्होंने आगे कहा, मुझे जानकारी मिली है कि हमले से 3 दिन पहले, प्रधानमंत्री मोदी को एक खुफिया रिपोर्ट भेजी गई थी और इसलिए उन्होंने कश्मीर जाने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। मैंने यह एक अखबार में भी पढ़ा।खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी से सीधा सवाल पूछते हुए कहा कि जब इंटेलिजेंस ने आपकी सुरक्षा के लिए यह कहा कि वहां जाना सही नहीं है, तो आपने आम लोगों की सुरक्षा के लिए वहां के बॉर्डर फोर्स और पुलिस को यह बात क्यों नहीं बताई?





# नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट, मण्डला एवं डिण्डोरी के लिए विशेष सहयोगी दस्ते के 850 पद स्वीकृत

## पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभयारण्य की सीमा से पृथक किये जाने का निर्णय

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभयारण्य की सीमा से पृथक किये जाने का निर्णय लिया गया। पचमढ़ी नगर का नजूल क्षेत्र जिसका रकबा 395.931 हेक्टेयर है, जो साडा के प्रशासनिक नियंत्रण में है, को पचमढी अभयारण्य की सीमा से बाहर करने का निर्णय लिया गया है। इसके पूर्व अधिसूचना 22 दिसम्बर 2017 द्वारा पचमढ़ी अभयारण्य की परिधि पर स्थित 11 ग्रामों को अभयारण्य से बाहर किया और कुछ ग्रामों को इन्क्लोजर में रखा गया है। मंत्रि-परिषद द्वारा पैरा-ओलम्पिक में पदक विजेता खिलाड़ियों को 50-50 लाख रूपये की अतिरिक्त राशि दिये जाने का अनुमोदन दिया गया। मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रियान्वयन के लिए पैरा-ओलम्पिक-2024 में कांस्य पदक विजेता खिलाडियों को 50 लाख रूपये की अतिरिक्त राशि दी जाएगी, जिससे कुल सम्मान राशि 1 करोड़ रूपये हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा पैरा-ओलम्पिक खिलाडी सुश्री रूबिना फ्रांसिस और कपिल परमार को पैरा-ओलम्पिक खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर 1 करोड़ रूपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की थी। पेरिस, फ्रांस में आयोजित पैरा ओलम्पिक खेल, 28 अगस्त से 8 सितंबर 2024 में म.प्र. की खिलाडी सुश्री रूबिना फ्रांसिस ने शूटिंग खेल में कांस्य पदक एवं कपिल परमार ने ब्लाइंड जुडो खेल में कांस्य पदक अर्जित किया था।



#### नक्सल प्रभावित तीन जिलों के लिए विशेष सहयोगी दस्ते के लिये के 850 पद स्वीकृत

मंत्रि-परिषद द्वारा पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल का गठन करने के निर्णय को स्वीकृति दी गई। राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल को पेंशन प्रकरणों के निराकरण से संबंधित समस्त प्रक्रिया के लिए अधिकृत किया जायेगा। संभागीय और जिला स्तर के कार्यालयों तथा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की सुविधा के लिए अस्थायी रूप से 2 वर्ष के लिए वर्तमान संभागीय और जिला पेंशन कार्यालयों को पेंशन समाधान केन्द्र के रूप में सीमित संरचना के साथ रखा जायेगा। पदों का युक्तियुक्तकरण किया जायेगा। इससे राज्य शासन पर अनावर्ती व्यय भार 5 करोड़ रूपये होगा।

#### नव गठित जिलों में आपूर्ति कार्यालय और नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा नव गठित जिले मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय और निवाड़ी, मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने की स्वीकृति दी।

तीन जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय के लिए कुल 16 पद और 4 जिलों में नाप-तौल कार्यालय के लिए कुल 13 पदों की स्वीकृति दी गयी।स्वीकृति अनुसार मऊगंज, मैहर और पांढुर्णा में जिला आपूर्ति अधिकारी का 1-1 पद, सहायक आपूर्ति अधिकारी के 1-1 पद, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के मऊगंज में 2 और मैहर, पांढुर्णा में 1-1 पद, लेखापाल का 1-1 पद एवं भृत्य का 1-1 पद स्वीकृत किया गया।कार्यालय नाप-तौल के लिए नव गठित जिला निवाड़ी, मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में निरीक्षक का 1-1 पद, सहायक ग्रेड-3 के 1-1 पद, श्रम सहायक के मऊगंज में 2 पद एवं मैहर, पांढुर्णा और निवाडी में 1-1 पदो की स्वीकृति दी गयी।

## तेज हवाओं और बवंडर के कारण विंध्य क्षेत्र में चार ट्रांसमिशन टॉवर क्षतिग्रस्त

भोपाल (आरएनएस)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है गत दिवस तेज हवाओं और बवंडर के कारण विंध्य क्षेत्र स्थित मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की 220 के.व्ही. अमरकंटक-सीधी तथा 220 के.व्ही. सीधी-रीवा ट्रांसमिशन सर्किट के चार टॉवर क्षतिग्रस्त हो गये। इस कारण अमरकंटक से सीधी 220 के.व्ही. सर्किट में विद्युत प्रवाह प्रभावित हुआ, लेकिन 220 के व्ही सबस्टेशन सीधी में वैकल्पिक ट्रांसमिशन सप्लाई उपलब्ध होने से क्षेत्र में इस कारण कोई विद्युत व्यवधान नहीं हुआ। साथ ही इससे अमरकंटक थर्मल पावर स्टेशन चचाई में उत्पादित विद्युत की निकासी एवं पारेषण पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा और अन्य सर्किट अनूपपुर एवं जबलपुर में विद्युत आपूर्ति निर्विघ्न बनी रही। एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता संदीप गायकवाड़ ने बताया कि विंध्य क्षेत्र में सोन नदी के आसपास मौसम के अचानक बिगड़ने से उपरोक्त दोनों सर्किट में दो टॉवर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए तथा दो अन्य टॉवर आंशिक रूप से प्रभावित हुए। इन टॉवरों में से एक 72 मीटर ऊँचाई का विशेष ट्रांसमिशन टॉवर है, जो सोन नदी क्रॉसिंग के लिए स्थापित किया गया था।

## भोपाल में तीन दिवसीय विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में सोमवार से तीन दिवसीय विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला में प्रदेश के चयनित मास्टर्स ट्रेनर्स सहभागिता कर रहे हैं। यह मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों में जाकर जिले के विज्ञान शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कार्यशाला में विज्ञान शिक्षकों के लिए कक्षा 6 से 12 के प्रायोगिक एवं प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण व्यवस्था की जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को 'करके सीखने' की पद्धति, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण और 21वीं सदी के कौशलों से विद्यार्थियों को सशक्त करना है। इस व्यवस्था से विद्यार्थी जिज्ञासु, सहभागी और विज्ञान के प्रति जागरूक हो सकेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग नई शिक्षा नीति के आधार पर शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रहा है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिये विज्ञान शिक्षको की कार्यशाला आयोजित की जा रही है।विज्ञान शिक्षा का 'नवोन्मेष' मॉड्यूल तीन दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण का चरणबद्ध संचालन मार्गदर्शित करता है। इस मॉड्यूल से विज्ञान विषय के मास्टर ट्रेनर्स संभाग स्तरीय प्रशिक्षण को प्रभावी बना सकेंगे। प्रशिक्षण का दूसरा मॉड्यूल 'प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण' है। इस मॉड्यूल में राज्य के शिक्षकों द्वारा पूर्व वर्षों में किए गए सफल प्रोजेक्ट्स को संकलित करना है, जो आगामी सत्र के लिए प्रोजेक्ट योजनाओं का मार्गदर्शन करेगा।अपर संचालक रविन्द्र सिंह ने सभी मास्टर ट्रेनर्स को संबोधित किया।

## उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह 7 मई को

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश पुलिस प्रशिक्षण अकादमी भौंरी भोपाल स्थित परेड ग्राउण्ड में सात मई को प्रात: 08 बजे 43 वें बैच के उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा।इस बैच में कुल 19 अधिकारी प्रशिक्षण पूर्ण होकर प्रदेश की सेवा के लिये उपलब्ध हो जाएंगे। समारोह में मुख्य अतिथि परेड की सलामी लेंगे तथा परेड का निरीक्षण करेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा बैच के विजेता अधिकारियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया जाएगा।

## लव जेहाद ने पूरे देश को हिला डाला, महिला मंत्री ने मुंह पर ताला डाला : सुश्री संगीता शर्मा

भोपाल(आरएनएस)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में सामने आए कथित लव जेहाद के प्रकरण पर राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर की चुप्पी पर कांग्रेस ने जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता सुश्री संगीता शर्मा ने इस प्रकरण में प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक मात्र महिला मंत्री और भोपाल की गोविंदपुरा सीट से विधायक श्रीमती कृष्णा गौर की चुप्पी को लेकर तीखे सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुश्री शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक सशक्त ट्वीट करते हुए लिखा, लव जेहाद ने पूरे देश को हिला डाला और महिला मंत्री ने मुँह पर डाल रखा है ताला प्रदेश की बेटियों का बार-बार चीरहरण हुआ और महिला मंत्री ने मौन धारण कर रखा है उन्होंने आगे कहा कि यह न केवल एक प्रशासनिक उदासीनता का मामला है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की उस संकल्पना पर भी सवालिया निशान लगाता है, जिसकी दुहाई भाजपा बार-बार देती आई है। सुश्री शर्मा ने आरोप लगाया कि जब महिलाओं पर संकट आता है, तो उनसे जुड़े मंत्रालय की ज़िम्मेदारी होती है कि वे आगे आएं, आवाज़ उठाएं।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली में कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मेगा स्वच्छता अभियान श्रमदान के दौरान झाड़ू लगाकर क्षेत्र की सफाई करती हुई।

## जुबेर मौलाना गैंग ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश के दो ठिकानों पर की हवाई फायरिंग, वाहनो में की तोड़फोड़

### दोनो के बीच चल रही पुरानी रंजिश, दो दिन पहले सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को दी थी धमकी

भोपाल(ए)। राजधानी के कुख्यात बदमाश जुबेर मौलाना ने अपने साथियो के साथ मिलकर अलसुबह मंगलवारा के हिस्ट्री शीटर बदमाश साद खॉन के दो ठिकानों पर फायरिंग कर वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। हैरानी की बात यह है, की भोपाल पुलिस के रिकार्ड के मुताबिक बदमाश जुबेर करीब 6 महीनों से फरार चल रहा है। और फरारी में रहते हुए ही वारदात को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक साद खॉन मंगलवारा थाने का हिस्ट्री शीटर बदमाश है, जो कुछ महीने पहले ही जेल से छूटा है। बदमाश साद का पुश्तैनी मकान छावनी में है, जहॉ उसकी मां सहित अन्य रिश्तेदार रहते हैं। जबकि साद फिलहाल ऐशबाग इलाके में रह रहा है। शहर के कुख्यात बदमाश जुबेर मौलाना से साद की पुरानी रजिशं चल रही है। जारी रंजिश को लेकर सोमवार की रात साद और जुबेर के बीच सोशल मीडिया पर बहसबाजी हो गई थी, और दोनों ने एक



दूसरे को मैसेज और ऑडियो रिकार्ड कर धमकी भरे मैसैज किये थे। धमकी देने के बाद बदमाश जुबेर ने सुबह करीब 5 बजे अपने साथियो के साथ दो पहिया वाहन से छावनी में साद के पुश्तैनी मकान के बाहर हवाई फायरिंग कर वहां खड़े आधा दर्जन से अधिक वाहनों में भी तोड़फोड़ कर दी। क्षेत्र में दहशत फैलाने के बाद बदमाश अपने साथियो के साथ फरार हो गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। बताया जा रहा है, कि जुबेर और उसके चार गुर्गे तीन दो पहिया वाहनो पर सवार होकर आए थे।

## दहेज की डिमांड पूरी न होने पर दिया तीन तलाक, कर ली दूसरी शादी




भोपाल (आरएनएस)। परवलिया सड़क पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित तीन तलाक का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक परवलिया सड़क निवासी 35 साल की महिला ने अपनी शिकायत में बताया की उसकी शादी साल 2009 में जामनेर शुजालपुर में रहने वाले मेहमूद अली से हुई थी। पति मेहमूद खेती-किसानी करता है। आरोप है की शादी के थोड़े समय बाद से ही मेहमूद दहेज में नगदी व बाइक की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगा था। डिमांड पूरी न होने पर करीब दो साल पहले वह उसे मायके छोड़ गया। उसके बाद वह पत्नी को लेने नहीं आया। आरोप है कि बीती 6 जनवरी 2025 को मेहमूद अपनी ससुराल आया था। यहॉ उसका पत्नी से विवाद हुआ और वह उसे तीन तलाक देकर चला गया था। उस समय पीड़िता ने थाने में शिकायत नहीं की थी। लेकिन पिछले दिनों जब पीड़िता को पता चला कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है तब वह थाने जा पहुंची। शिकायत मिलने पर पुलिस ने पति के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

## महिला पॉलीटेक्निक में स्वास्थ्य शिविर संपन्न

### किशोरियों को मिली स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी

भोपाल (आरएनएस)। किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज शिवाजी नगर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल एवं सबका सहारा सोशल वेलफेयर सोसाइटी एवं भोपाल ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा आयोजित इस शिविर में किशोरवय स्वास्थ्य पर जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. पुष्पा देवी, डॉ. आकांक्षा यादव , नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती अदिति कुशवाहा, श्रीमती जार्जिना मंडलोई, मल्टीटास्क वर्कर दीपक चौहान, मनोज चंद्रवंशी, ए एन एम सुश्री पूनम वर्मा, सुश्री भानुप्रिया ने सेवाएं दी।शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा एनीमिया की रोकथाम के लिए उचित खान-पान, आयरन फोलिक सप्लीमेंट्स के उपयोग, मासिक धर्म स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य पर परामर्श दिया गया। शिविर में 102 किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर से एनीमिया का स्तर, उच्च रक्तचाप एवं अन्य बीमारियों की जांच की गई। शिविर में 53 आभा आईडी एवं 6 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर आयोजन में डॉ. अभिजीत देशमुख, डॉ. प्रिया चित्तावर, डॉ. आभा जैन एवं कॉलेज प्रबंधन द्वारा विशेष सहयोग दिया गया।

## भोपाल में होगी दो दिवसीय AI भारत @ MP' कार्यशाला

### डिजिटल गवर्नेंस, आधार-अनुप्रयोग और तकनीकी नवाचारों पर होगा मंथन

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम एवं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग द्वारा 8 और 9 मई 2025 को "AI भारत @ MP - कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आधार और डिजिटल गवर्नेंस में नवाचार"AI विषय पर कार्यशाला का आयोजन भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। दो दिवसीय कार्यशाला प्रात: 9:30 से सांय काल 5:30 बजे तक आयोजित होगी। कार्यशाला डिजिटल गवर्नेंस को अधिक प्रभावी, समावेशी और नागरिकोन्मुखी बनाने के लिये 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (AI) और 'आधार' (UIADI) के प्रयोग की संभावनाओं पर केंद्रित होगी। कार्यशाला में नीति-निर्माताओं, तकनीकी विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और सरकारी प्रतिनिधियों की भागीदारी से नॉलेज शेयर और विचार-विमर्श किया जायेगा। कार्यशाला में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अपर मुख्य सचिव संजय दुबे राज्य की डिजिटल रणनीति पर प्रकाश डालेंगे। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग के सीईओ नंद कुमारम, डिजिटल नीति पर राष्ट्रीय दृष्टिकोण साझा करेंगे।

## नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में होंगे समझौते




भोपाल(आरएनएस)। प्रदेश में 10 मई 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। प्री-लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छ: माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छ: माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा।

उपभोक्ता/उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा।

आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।

नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे।

सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी।

## राजस्व रिकार्ड में जल संरचनाओं को संरक्षण के उद्देश्य से किया जा रहा है दर्ज

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में 30 मार्च से शुरू किया गया 'जल गंगा संवर्धन अभियान' नागरिकों की भागीदारी से सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। यह अभियान समाज के प्रत्येक तबके को महत्वपूर्ण उद्देश्य से जोड़ने में सफल रहा है। प्रत्येक जिले में जल स्रोतों की पहचान की गई है और उनके संरक्षण की दिशा में ठोस कार्य किया जा रहा है। अभियान में प्राचीन बावड़ी के इतिहास की जानकारी नागरिकों को देते हुए इसके सफाई अभियान से नागरिकों को जोड़ा गया है। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। अभियान में जल संरचनाओं को राजस्व रिकार्ड में भी जागरूकता के साथ दर्ज किया जा रहा है।

उमरिया जिले में अमृत सरोवर को राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जा रहा है। जिले में एक मई तक 30 अमृत सरोवरों में से 20 अमृत सरोवरों को राजस्व् रिकार्ड में दर्ज किया जा चुका है। राजस्व अभिलेख में अन्य जल संरचनाएं नहर, तालाब, चेक डेम, स्टॉप डेम इत्यादि को भी अभिलेख मे दर्ज किया गया है। इनकी संख्या 173 है। जिले में नदी, तालाबों, घाटों, कुओं के आस पास श्रमदान करके साफ-सफाई की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ जल स्रोतों के आस-पास हुए अतिक्रमण को हटाने की भी कार्रवाई की जा रही है। तहसीलदार मानपुर ने बताया कि चितौहा, नाला डोडका, ताजिया नाला, मझखेता ग्राम पंचायत के अंतर्गत 0.185 हैक्टेयर में हुए अतिक्रमण को हटाने की भी कार्रवाई की गई।

## विजेश जी का व्यक्तित्व कितना विराट और श्रेष्ट था, आज देख भी लिया : शिवप्रकाश

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय विजेश लूनावत की स्मृति में विजेश लूनावत स्मृति फाउंडेशन द्वारा सोमवार को एनआईटीटीआर ऑडोटोरियम में आयोजित चतुर्थ पुण्य स्मरण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, भाजपा के वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र शर्मा, फाउंडेशन के सचिव मृगेन्द्र सिंह, समन्वयक डॉ. शैलेष लूनावत, पुत्री सुश्री मुस्कान लूनावत सहित फाउंडेशन के सदस्य एवं उपस्थितजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। फाउंडेशन की संयोजिका श्रीमती स्मिता लूनावत ने अतिथियों का स्वागत किया। समन्वयक डॉ. शैलेष लूनावत ने आभार माना।

**लूनावत जी कुशल संगठक और प्रखर वक्ता के साथ बहुत अच्छे इंसान थे- शिवप्रकाश**

पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने स्व. विजेश लूनावत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय विजेश लूनावत आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका उनकी स्मृतियां आज भी हमारे बीच मौजूद हैं। उनका व्यक्तित्व ही ऐसा था कि आज भी उनको याद किया जा रहा है। उनका व्यक्तित्व कितना विराट और श्रेष्ठ था, सुना था आज देख भी लिया। समय से पहले दुनिया न छोड़ते तो राजनीति के लिए और बड़ा योगदान हो सकता था। पार्टी संगठन में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे कुशल संगठक और प्रखर वक्ता के साथ बहुत अच्छे इंसान थे। एक बार जो व्यक्ति लूनावत से मिलता था, उनके कृतित्व और व्यक्तित्व की वजह से उनकी तरफ खिंचा चला जाता था। राजनीति में ऐसे विरले लोग ही होते हैं, जिनको समाज हमेशा याद करता है।

**भारत को बांटने के लिए कई दल पूतना बनकर कार्य कर रहे**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि कम्युनिष्ट ने पश्चिम बंगाल में 34 वर्ष शासन यह कहकर किया कि हम गरीबों का उत्थान करेंगे। कम्युनिष्ट के 34 वर्ष के शासन और अब टीएमसी के शासनकाल में भी बंगाल गरीबी से मुक्त नहीं हुआ। आज भी देश का पहला राज्य पश्चिम बंगाल है, जहां लोग नंगे पैर राजनीतिक दलों की रैलियों में आते हैं। देश को बांटने वाली ताकतें अलग-अलग राजनीतिक दलों, संस्थाओं के रूप में कार्य कर रही हैं। 31 मार्च 2026 तक देश के अंदर से नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्य की सीमा पर अधिकांश नक्सली एक साथ घिरे हुए है। वार्ता का पत्र भेज रहे हैं, लेकिन भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि हथियार के साथ बातचीत नहीं होगी। बातचीत से पहले हथियार छोड़ना होगा।

# ऐसे प्रयास हों जिससे ग्वालियर के किसान भी जैविक खेती से करोड़पति बनें : कलेक्टर

## कलेक्टर श्रीमती चौहान की मौजूदगी में जैविक खेती को लेकर हुई क्षमता संवर्धन कार्यशाला




ग्वालियर(ए.)। ग्वालियर जिले में जैविक खेती (प्राकृतिक खेती) को बढ़ावा देने के लिये विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। जिले में परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत चार क्लस्टर बनाकर 2 हजार हैक्टेयर रकबे में जैविक खेती की शुरूआत की जा रही है। जैविक खेती करने जा रहे 2 हजार किसानों का चयन भी कर लिया गया है। साथ ही किसानों को जैविक खेती की तकनीकी जानकारी देने एवं मार्गदर्शन के लिये हर क्लस्टर में एक-एक कॉर्डिनेटर एवं 5 - 5 एलआरपी (लीड रिसोर्स पर्सन) का चयन भी कर लिया गया है। इस सिलसिले में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की मौजूदगी में मंगलवार को कृषि महाविद्यालय में क्लस्टर कॉर्डिनेटर एवं एलआरपी के लिये क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मौजूद एलआरपी एवं क्लस्टर कॉर्डिनेटर से संवाद के दौरान कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि प्रयास ऐसे हों जिससे ग्वालियर जिले के किसान भी जैविक खेती अपनाकर करोड़पति बनें। उन्होंने कहा जैविक खेती अपनाने वाले किसानों को न केवल ऑर्गेनिक खेती की बारीकियाँ बताएं, साथ ही उनकी समस्याओं का भी समाधान करें। श्रीमती चौहान ने कहा कि जैविक खेती के मॉडल प्रदर्शित कर किसानों को बताएं कि किस प्रकार से जैविक खेती अपनाकर किसान किस प्रकार अपनी आय में बड़ा इजाफा कर सकते हैं। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि जो किसान लगातार तीन साल तक जैविक खेती करेंगे, उनका टाईअप बड़ी-बड़ी कंपनियों से कराया जायेगा। जाहिर है किसानों को इससे बड़ा फायदा होगा ग्वालियर जिले में परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत सर्विस प्रोवाइडर के रूप में आईसीसीओए (इंटरनेशनल कोमपेटेन्स सेंटर फॉर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर) का चयन राज्य शासन द्वारा किया गया है। जैविक खेती के लिये जिले के विकासखंड डबरा व भितरवार में 500 - 500 हैक्टेयर का एक - एक क्लस्टर व घाटीगाँव विकासखंड में एक हजार हैक्टेयर में 2 क्लस्टर बनाए गए हैं।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया की पहल से चेतकपुरी-झांसी रोड पर गड्ढों से राहत, 3 करोड़ की सांसद निधि ट्रांसफर, जल्द शुरू होगा निर्माण

ग्वालियर(आरएनएस)। चंबल संभाग के समग्र विकास के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शहरवासियों को एक और महत्वपूर्ण सौगात दी है। उन्होंने वर्षों से उपेक्षा और जर्जर हालात का सामना कर रही



चेतकपुरी-झांसी रोड के पुनर्निर्माण हेतु अपनी सांसद निधि से 3 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। यह राशि अब नगर निगम के खाते में स्थानांतरित हो चुकी है, जिससे जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। यह सड़क कुलदीप नर्सरी से चेतकपुरी होते हुए लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक जाती है और स्वर्ण रेखा नदी मार्ग को जोड़ती है, जिसकी हालत लंबे समय से जर्जर बनी हुई थी। जिस दौरान सिंधिया नागर विमानन मंत्री थे सिंधिया को इस मार्ग की बदहाल स्थिति की जानकारी प्राप्त हुई, उन्होंने तत्परता दिखाते हुए ग्वालियर ज़िलाधिकारी को पत्र लिखकर एमपीलैड्स योजना के अंतर्गत इस सड़क के निर्माण हेतु कार्य का निरीक्षण कर स्वीकृति आदेश जारी करने का आग्रह किया था।सिंधिया के पत्र पर तत्काल प्रभाव से कलेक्टर द्वारा पत्राचार करते हुए भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को 3 करोड़ रुपये की सांसद निधि की स्वीकृति हेतु लिखा गया, जिसके परिणामस्वरूप यह राशि केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत कर निगम के खाते में डाल दी गई है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने चलाया जागरुकता अभियान




कटनी कटनी (ए.) । राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल के मार्गदर्शन और विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता और छात्र-छात्राओं के सहयोग से पहाड़ी सेक्टर-4 के ग्राम भनपुरा नंबर -2 मैं जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अभियान की जागरूकता के लिए ग्राम वासियों के साथ दीवार लेखन एवं रैली के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही हैंड पंप के आसपास साफ-सफाई जन भागीदारी और श्रमदान सोख्ता गड्ढा बनाकर जल संवर्धन का संदेश दिया।

## पति ने पत्नी को गला दबाकर मार डाला, बेटे ने आरोपी बाप को कराया गिरफ्तार

सतना (आरएनएस)। सतना जिले के नागौद थाना क्षेत्र के पीली कोठी मोहल्ले में सोमवार को 68 वर्षीय व्यक्ति ने घरेलू विवाद के बाद अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी. घटना के समय दोनों घर में अकेले थे. घर पहुंचे बेटे ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के अनुसार, आरोपी मंगल प्रसाद (68) और उसकी पत्नी माया देवी (65) के बीच काफी समय से आपसी तनाव था. सोमवार को किसी बात को लेकर फिर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसा में बदल गया. गुस्से में आकर मंगल प्रसाद ने पत्नी का गला दबा दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई.नगर पालिका का सफाई कर्मी रहा है आरोपीपत्नी की हत्या करने का आरोपी मंगल पूर्व में नगर पालिका नागौद में सफाईकर्मी के तौर पर सेवाएं दे चुका है. बताया जाता है कि पत्नी के साथ उसकी अनबन काफी समय से चल रही थी. सोमवार की दोपहर किसी बात को लेकर गला दबा दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.बेटे ने दी सूचना, आरोपी गिरफ्तारघटना की जानकारी मिलते ही दंपती का बेटा तुरंत मौके पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी. नागौद पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया.

# पाकिस्तान को घर में घुसकर मारे सरकार : पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री



छतरपुर(आरएनएस)। बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- बिगड़ते संस्कारों के कारण देश में गंदी परंपरा पनप रही है। लव जिहाद का मूल कारण यह है कि हम अपनी बेटियों को सही संस्कार नहीं दे पा रहे। बेटियों को अंग्रेजी पढ़ाओ, लेकिन इतना आत्मबल और संस्कार दो कि वे किसी गलत विचारधारा में न उलझें। हम समस्त भारतीय हिंदुओं से प्रार्थना करेंगे कि आप अपने बच्चों को संस्कारवान बनाओ। इतना कट्टरवाद बनाओ की आपकी बेटी, आपका बेटा दूसरे मजहब के चक्कर में न पड़े। यदि हमारी बेटियां भटक गईं तो यह पूरे समाज के लिए दुर्भाग्य होगा। पहलगाम हमले के मामले में पं. धीरेंद्र ने कहा- पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकी ठिकानों को मिटाना चाहिए। भारत सरकार से हम कहेंगे कि आप कब तक कड़ी निंदा करते रहेंगे। ऐसे हमलों से विदेशी सैलानी भारत आने से डरेंगे। भारत की सुरक्षा की बात है, इसलिए भारत सरकार को उनके घर में घुसकर जवाब देना चाहिए।बागेश्वर धाम में सुंदरकांड मंडलों का महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यहां शनिवार देर रात और रविवार दोपहर तक जिलेभर से करीब 100 मंडल पहुंचे हैं।

## चारा खिलाते वक्त बुजुर्ग को भैंस ने कुचला, मौत


जबलपुर(आरएनएस)। भैंस ने बुजुर्ग को मौत के घाट उतार दिया। घटना उस दौरान हुई जब बुजुर्ग भैंस को चारा दे रहा था, उसी समय भैंस ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बुजुर्ग को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना एक हफ्ते पुरानी बताई जा रही है। जिसका वीडियो सोमवार को सामने आया है।जानकारी के मुताबिक पनागर थाना के पारियट ग्राम निवासी बुजुर्ग प्रकाश चंद तिवारी(70) डेरी में जब भैंसों को चारा डाल रहे थे, इस दौरान एक भैंस ने पीछे से हमला कर दिया। जब तक बुजुर्ग खुदको संभाल पाते तब तक भैंस ने पैरों से उनको कुचल डाला था, जिसके चलते पूरे शरीर में गंभीर चोट आ गई थी। पूरी घटना डेरी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। घटना एक सप्ताह पहले की बताई जा रही है, जिसका वीडियो सोमवार को सामने आया है।

## यातायात सुधार की दिशा में कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर बड़ी कार्यवाही

इन्दौर (ए.) । इंदौर में कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में यातायात सुधार के लिये मुहिम लगातार जारी है। इस मुहिम के तहत आज बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़को पर बेतरतीब खड़ी 30 बसे जप्त की गई। ज्ञात रहे है कि कलेक्टर आशीष सिंह ने कल कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न बैठक में बस संचालकों को हिदायत दी थी कि वे सड़कों पर अव्यवस्थित रूप से बसें खड़ी कर यातायात अवरूद्ध नहीं करें, बसों को अधिकृत स्थानों पर खड़ा किया जाये। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि आज जिला प्रशासन,क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। सड़को पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वाली बसों को जप्त किया गया। मधुमिलन चौराहा, झाबुआ टॉवर, पिपलिहाना, रिंग रोड , तीन इमली चौराहा एवं गंगवाल बस स्टैण्ड पर बसों की सघन चेकिंग की गई। कार्यवाही में वाहनो के फ़िटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये गए । बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की गई। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों ,बेतरतीब खड़ी रहने वाली बसो पर कार्यवाही करते हुए 30 बसों को जप्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर में रखा गया है । साथ ही ट्रेवल्स/बस संचालकों से अपील की गई है कि वे अपनी बसों को निर्धारित स्थान से ही चलाए अन्यथा बसें जब्त की जाएगी। बेतरतीब , निर्धारित स्थानों से भिन्न स्थानों से संचालित बसो की जप्ती की यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## व्यापार समाचार

# यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या 91.5 प्रतिशत बढ़कर 65.79 करोड़ हुई : आरबीआई




मुंबई , (ए)। देश में यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर 91.5 प्रतिशत बढ़कर 65.79 करोड़ हो गई है। यह जानकारी आरबीआई की ओर से दी गई।केंद्रीय बैंक के मुताबिक, यूपीआई क्यूआर कोड में वृद्धि के कारण क्रेडिट कार्ड लेनदेन की वृद्धि दर कम होकर 7.94 प्रतिशत रह गई है। डेबिट कार्ड की संख्या सालाना आधार पर 2.7 प्रतिशत बढ़कर 99 करोड़ पर पहुंच गई है।गूगल पे, पेटीएम और फोनपे जैसे प्लेटफार्मों की बढ़ती पहुंच के साथ यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या में तेज वृद्धि हो रही है।बैंक अधिकारियों ने बताया कि यूपीआई नेटवर्क पर लाइव बैंकों की संख्या अप्रैल में 668 हो गई है। इससे लेनदेन की वैल्यू में भी वृद्धि होने की उम्मीद है।

बीते महीने यूपीआई के जरिए होने वाले लेनदेन की संख्या सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 17.89 अरब पर पहुंच गई है। साथ ही लेनदेन की वैल्यू सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 23.95 लाख करोड़ रुपए हो गई है।

आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल भुगतान के लिए सबसे ज्यादा यूपीआई का इस्तेमाल किया जाता है। हर पांच में चार डिजिटल लेनदेन यूपीआई के माध्यम से किए जा रहे हैं।

देश के डिजिटल पेमेंट्स में यूपीआई की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 79.7 प्रतिशत की हो गई, जो कि वित्त वर्ष 23 में 73.4 प्रतिशत थी।

आरबीआई विभिन्न पहलों के माध्यम से डिजिटल भुगतान को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है, जिसमें हर भुगतान डिजिटल अभियान भी शामिल है, जिसका उद्देश्य भारत में हर व्यक्ति को डिजिटल भुगतान के बारे में जागरूक करना है।

आरबीआई यूपीआई इन-पर्सन मर्चेंट भुगतान के लिए लेनदेन की सीमा को संशोधित करने में लचीलापन भी देता है, जिससे एनपीसीआई को यूजर्स की जरूरतों के आधार पर सीमाएं समायोजित करने की अनुमति मिलती है, साथ ही सुरक्षा उपाय भी किए गए हैं जिससे भुगतान का तरीका और अधिक सुविधाजनक हो गया है।

## भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना, जापान को छोड़ा पीछे

ह्लनई दिल्ली(ए.)। भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छी खबर आई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह उपलब्धि देश की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति को दर्शाती है।आईएमएफ द्वारा हाल ही में जारी 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। इन आंकड़ों के साथ ही भारत आर्थिक महाशक्तियों की सूची में एक पायदान ऊपर आ गया है।

## वैश्विक स्तर पर मिलेजुले संकेतों से सपाट खुला शेयर बाजार

मुंबई (ए.)। मिलेजुले वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को सपाट खुला। सुबह 9:32 पर सेंसेक्स 13 अंक की मामूली गिरावट के साथ 80,783 और निफ्टी 3 अंक की बढ़त के साथ 24,467 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी सपाट कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 21 अंक या 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 54,653 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 14 अंक या 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,595 पर था।

शुरुआती सत्र में ऑटो, आईटी, एफएमसीजी, मेटल, एनर्जी और इन्फ्रा इंडेक्स हरे निशान में कारोबार हो रहे थे पीएसयू बैंक, फार्मा, रियल्टी, मीडिया और प्राइवेट बैंक इंडेक्स लाल निशान में थे। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एचयूएल, नेस्ले, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, एचयूएल, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। सन फार्मा, टाटा मोटर्स, टाइटन, इटरनल (जोमैटो), एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स थे।

चॉइस ब्रोकिंग के इक्विटी रिसर्च एनालिस्ट मंदार भोजने ने कहा कि तकनीकी मोर्चे पर निफ्टी 50 कंसोलिडेशन जोन में है। अगर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का बेंचमार्क 24,500 से ऊपर निकलता है तो इसमें 24,700 और 24,800 के स्तर देखने को मिल सकते हैं। गिरावट की स्थिति में निफ्टी के लिए 24,200 और 24,000 सपोर्ट जोन है जहां ट्रेडर्स को गिरावट पर खरीदारी के अवसर मिल सकते हैं।

ज्यादातर एशियाई बाजारों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। अमेरिकी-चीन के बीच व्यापार वार्ता को लेकर सकारात्मक अपडेट आने से शंघाई और हांगकांग के बाजारों में तेजी है। टोक्यो और सोल के बाजार अवकाश होने के कारण बंद हैं। अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। एफआईआई ने 5 मई को 497 करोड़ रुपए के इक्विटी निवेश के साथ अपनी खरीदारी का सिलसिला जारी रखा, जबकि डीआईआई मजबूत खरीदार बने रहे, जिन्होंने 2,788 करोड़ रुपये का निवेश किया।

## ईवी फर्म बैटरी स्मार्ट का शुद्ध घाटा वित्त वर्ष 2024 में दोगुना होकर 140 करोड़ रुपए हुआ, खर्च में भी उछाल

नई दिल्ली, (ए.)। गुरुग्राम बेस्ड ईवी स्टार्टअप बैटरी स्मार्ट का वित्त वर्ष 2024 में शुद्ध घाटा 140 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष में दर्ज 61 करोड़ रुपए के घाटे से दोगुना से भी अधिक है। परिचालन राजस्व में तीन गुना वृद्धि के बावजूद, बढ़ती लागत ने कंपनी के मुनाफे पर भारी असर डाला।

बैटरी स्मार्ट का परिचालन राजस्व वित्त वर्ष 2024 में 193 प्रतिशत बढ़कर 164 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2023 में 56 करोड़ रुपए था, जो पूरी तरह से इसके मुख्य व्यवसाय - इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं के लिए बैटरी-एज-ए-सर्विस द्वारा संचालित है।

एनट्रैकर द्वारा रिपोर्ट की गई कंपनी की वित्तीय स्थिति से पता चलता है कि वित्तीय परिसंपत्तियों पर ब्याज से 23 करोड़ रुपए की आय सहित कंपनी की कुल आय वर्ष के लिए 187 करोड़ रुपए रही।

हालांकि, कंपनी का कुल व्यय एक साल पहले के 125 करोड़ रुपए से दोगुना होकर 327 करोड़ रुपए हो गया।

आंकड़ों के अनुसार, इसका एक बड़ा हिस्सा मूल्यह्रास शुल्क में लगभग 3.8 गुना वृद्धि से 85 करोड़ रुपए और वित्त लागत में 3.75 गुना वृद्धि से 45 करोड़ रुपए तक आया।

एम्प्लॉई बेनिफिट एक्सपेंस भी तेजी से बढ़कर 41 करोड़ रुपए हो गया, जबकि विज्ञापन व्यय 60 प्रतिशत घटकर 8 करोड़ रुपए रह गया।

बैटरी स्मार्ट के बढ़ते घाटे लागत दक्षता में चल रही चुनौतियों को दर्शाते हैं।

इसका रिटर्न ऑन कैपिटल एम्प्लॉयड (आरओसीई) 18.34 प्रतिशत था, और ईबीआईटीडीए मार्जिन से पहले इसकी आय -5.35 प्रतिशत थी।

ऑपरेटिंग रेवेन्यू के हर 1 रुपए के लिए, कंपनी ने 1.99 रुपए खर्च किए, जो बढ़ती मांग के बावजूद मार्जिन पर दबाव को दिखाता है।

बैटरी स्मार्ट ने मार्च 2024 तक 328 करोड़ रुपए की मौजूदा संपत्ति की रिपोर्ट की, जिसमें 107 करोड़ रुपए नकद और बैंक बैलेंस शामिल हैं, जो कुछ फाइनेंशियल बफर प्रदान करते हैं। टाइगर ग्लोबल और ब्लूम वेंचर्स जैसे निवेशकों द्वारा समर्थित, बैटरी स्मार्ट ने अब तक लगभग 192 मिलियन डॉलर जुटाए हैं।

कंपनी के सह-संस्थापक, पुलकित खुराना और सिद्धार्थ सिक्का, दोनों के पास कुल मिलाकर 28.5 प्रतिशत इक्विटी है।कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि दोपहिया और तिपहिया वाहनों पर इसका ध्यान इसे बढ़त देता है, खासकर तिपहिया सेगमेंट में जहां बैटरी स्वैपिंग पारंपरिक चार्जिंग की तुलना में अधिक कुशल साबित हो रही है।

रिपोर्ट में बताया गया है, फिर भी, कंपनी को बड़े वाहन निर्माताओं से जोखिम का सामना करना पड़ रहा है, जो मालिकाना बैटरी पसंद कर सकते हैं या अपने स्वयं के नेटवर्क बना सकते हैं।

## भारत में किफायती 5जी फोन सेगमेंट 100 प्रतिशत बढ़ा, एप्पल प्रीमियम स्मार्टफोन में रहा आगे



नई दिल्ली , (ए.)। भारतीय बाजार में जनवरी-मार्च तिमाही में 5जी स्मार्टफोन सेगमेंट की हिस्सेदारी 86 प्रतिशत रही और इसमें सालाना आधार पर 14 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की रिपोर्ट के मुताबिक, 8,000 रुपए से 13,000 रुपए की कीमत वाले 5जी स्मार्टफोन सेगमेंट में 100 प्रतिशत की बढ़त हुई है, जो दिखाता है कि देश में किफायती 5जी फोन की मांग बढ़ रही है। 5जी स्मार्टफोन मार्केट में 21 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ वीवो शीर्ष पर है। इसके बाद 19 प्रतिशत के साथ सैमसंग दूसरे स्थान पर है।

5जी और एआई-रेडी स्मार्टफोन की बढ़ती मांग के कारण प्रीमियम सेगमेंट भी तेजी से बढ़ रहा है।

सीएमआर में वरिष्ठ विश्लेषक मेनका कुमारी ने कहा,10,000 रुपए और उससे कम के 5जी स्मार्टफोन सेगमेंट में 2025 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह किफायती 5जी स्मार्टफोन सेगमेंट में ग्राहकों की बढ़ती रुचि को दिखाता है। उन्होंने आगे कहा कि शाओमी, पोको, मोटोरोला और रियलमी जैसे ब्रांड इस तेजी को लीड कर रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि किफायती स्मार्टफोन सेगमेंट में सालाना आधार पर 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि वैल्यू-फॉर-मनी सेगमेंट में 6 प्रतिशत की गिरावट हुई है। यह दिखाता है कि लोग प्रीमियम स्मार्टफोन की ओर शिफ्ट हो रहे हैं।

वहीं, एप्पल ने सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और कंपनी का मार्केट शेयर 8 प्रतिशत रहा। इसकी वजह प्रीमियम स्मार्टफोन की मांग बढ़ना और भारत में कंपनी की रिटेल सेगमेंट में पहुंच बढ़ना है। सीएमआर का मानना है कि भारत के स्मार्टफोन मार्केट में एकल अंक में वृद्धि जारी रहेगी। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के उपाध्यक्ष प्रभु राम ने कहा, आने वाली तिमाहियों में भारत के स्मार्टफोन बाजार को तीन ताकतें आकार देंगी, जिसमें किफायती 5जी सेगमेंट का मुख्यधारा में आना, ऑन-डिवाइस एआई का तेजी से समावेश और आपूर्ति श्रृंखला स्थानीयकरण शामिल है।

## भारत 2025 में बनेगा दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, 2028 में जर्मनी से भी होगा आगे

नई दिल्ली (ए.)। भारत की जीडीपी 2025 में जापान को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से जारी किए गए वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट में बताया कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

भारत मौजूदा समय में दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जीडीपी में अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान, भारत से आगे हैं।

आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।आईएमएफ के अनुमानों में कहा गया कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका और चीन 2025 के साथ आने वाले करीब एक दशक तक अपनी रैंकिंग बरकरार रख सकते हैं। आईएमएफ ने 2025 के लिए भारत की जीडीपी विकास दर को घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

### ट्रंप विरोधी राष्ट्रवाद

ट्रंप ने अपने जुबानी तीर से कनाडा की संप्रभुता पर जिस तरह निशाने साधे, वही कनाडा के आम चुनाव में निर्णायक मुद्दा साबित हुआ। वरना, ट्रुडो की सरकार इतनी अलोकप्रिय कि लिबरल पार्टी का सत्ता में लौटना नामुमकिन लगने लगा था। ये वाजिब सवाल होगा कि कनाडा के चुनाव नतीजों को अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ जनादेश कैसे कहा जा सकता है। लेकिन हकीकत यही है कि डॉनल्ड ट्रंप ने अपने जुबानी तीर से कनाडा की संप्रभुता पर जिस तरह निशाने साधे, वही कनाडा के आम चुनाव में निर्णायक मुद्दा साबित हुआ। वरना, पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो की सरकार इतनी अलोकप्रिय हो गई थी कि लिबरल पार्टी का सत्ता में लौटना नामुमकिन लगने लगा था। दरअसल, ट्रुडो को नेतृत्व छोड़ना ही इसलिए पड़ा, क्योंकि पार्टी अपने को सियासी संकट में पा रही थी। मगर ट्रंप के ह्वाइट हाउस में प्रवेश के साथ कनाडा की राजनीति ने करवट लेना शुरू किया। पिछले साल के आखिर तक अगले प्रधानमंत्री के रूप में देखे जा रहे कंजरवेटिव पार्टी के नेता पियरे पॉलिवर ने अपनी छवि कनाडा के ट्रंप के रूप बना रखी थी। ट्रंप जैसी नीतियों के जरिए कनाडा के आर्थिक संकट को दूर करने का उनका वादा काम करता दिख रहा था। लेकिन जब असली ट्रंप का आक्रामक रूप दुनिया के सामने आया, जिसकी चपेट में कनाडा भी आ गया, तो वहां के लोगों में विपरीत प्रतिक्रिया होना लाजिमी ही था। पॉलिवर ने नए माहौल में ट्रंप विरोधी तेवर अपनाए, कनाडा की संप्रभुता की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई, लेकिन तब तक माहौल बदल चुका था।अब साफ है कि मतदाताओं ने ट्रंप के हमलों से कनाडा की रक्षा करने के लिहाज से लिबरल पार्टी के नए नेता मार्क कार्नी को अधिक सक्षम माना है। कार्नी ने अमेरिकी बैंक गोल्डमैन शैक्स से करियर शुरू किया और बैंक ऑफ कनाडा तथा बैंक ऑफ इंग्लैंड के गर्वनर रह चुके हैं। नव-उदारवाद और मुक्त व्यापार के पैरोकार हैं। राजनीति में आने के बाद से आर्थिक नीतियों में नैतिक मूल्यों को भी स्थान देने की वकालत उन्होंने की है। बहरहाल, उनके सामने चुनौतियां बेहद गंभीर हैं। एक तो ट्रुडो शासनकाल में पैदा हुई समस्याएं हैं और ऊपर से ट्रंप की नीतियों से पेश आई चुनौतियां हैं। फिलहाल, कनाडा में बना ट्रंप विरोधी राष्ट्रवाद उनकी ताकत बना है, मगर अंततः लोग उनका आकलन समस्याओं के समाधान की कसौटी पर ही करेंगे।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली में कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मेगा स्वच्छता अभियान श्रमदान के दौरान झाड़ू लगाकर क्षेत्र की सफाई करती हुई।

# हमले का निर्णायक रूप से जवाब दे सरकार

**अजीत द्विवेदी**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछ कर नरसंहार की जो घटना हुई है वह एक गंभीर खतरे का संकेत है। इस खतरे के छोटे छोटे संकेत पहले से मिल रहे थे। पिछले कुछ समय से राज्य में लक्षित हमले बढ़े हैं। बाहरी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। मजदूरों पर हमले हो रहे हैं। इससे पहले आमतौर पर कहा जाता था कि बाहरी लोग या पर्यटक स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान देते हैं इसलिए आतंकवादी उन पर हमला नहीं करते हैं। उनको लगता है कि पर्यटकों पर हमले से स्थानीय लोग नाराज होंगे, जिससे उनका समर्थन घटेगा। स्थानीय लोगों के समर्थन के बगैर आतंकवादियों का टिकना मुश्किल है।

तभी सवाल है कि आतंकवादियों ने पर्यटकों पर हमला नहीं करने के अघोषित नियम को क्यों तोड़ा है? क्या अब उनको स्थानीय लोगों के समर्थन की जरुरत नहीं है या स्थानीय लोग भी छोटे छोटे आर्थिक लाभ की बजाय किसी बड़ी योजना के लिए इस तरह की कार्रवाई को जरूरी समझने लगे हैं और मूक समर्थन दे रहे हैं?

जो हो इसे नए दौर की शुरुआत मान सकते हैं। यह भी मानना चाहिए कि यह अनायास नहीं हुआ है। ऐसा नहीं है कि अचानक एक दिन लश्कर ए तैयबा ने फैसला किया कि स्थानीय लोग चाहे जो सोचें, अब पर्यटकों पर हमला करना है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सपोर्ट करने वाले सिस्टम को नष्ट करना है। यह किसी बड़ी और सोची समझी योजना का हिस्सा है, जिसका इशारा पिछले दिनों पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने किया था।

उन्होंने हिंदू और मुस्लिम के दो अलग अलग राष्ट्र होने की बात कही थी। उसमें उन्होंने दोनों की रहन सहन, खानपान आदि की विभिन्नता के साथ साथ दोनों की महत्वाकांक्षाएं अलग होने की बात भी कही थी। उन्होंने मुस्लिम समाज की अलग महत्वाकांक्षा की बात नए दौर की नई रणनीति के तहत की है।



पाकिस्तान के सेना प्रमुख के इशारे को समझ कर भारत की खुफिया एजेंसियों को अलर्ट हो जाना चाहिए था। अगर खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट होतीं तो इस घटना को टाला जा सकता था। यह हैरानी की बात है कि लश्कर ए तैयबा से जुड़े द रसिस्टेंस फ्रंट की ओर से बाहरी लोगों पर लक्षित हमले हो रहे हैं लेकिन यह संगठन बड़ा हमला कर सकता है इसका अंदाजा नहीं लगाया गया। यह भी तथ्य सुरक्षा बलों को पता है कि पहले 90 फीसदी आतंकवादी स्थानीय होते थे, जो पर्यटकों पर हमले नहीं करते थे या लक्षित हमले नहीं करते थे, लेकिन अब ज्यादातर आतंकवादी बाहरी हैं, जिनके लिए स्थानीय लोगों की भावनाएं बहुत मैटर नहीं करती हैं।

ऊपर से पाकिस्तान के सेना प्रमुख की भड़काऊ बातें। इन सब के बावजूद सारी चीजें रूटीन के अंदाज में हो रही थीं। हालांकि यह सवाल उठ रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 19 अप्रैल का कश्मीर दौरा क्यों टला था? उनको जम्मू से श्रीनगर की ट्रेन को हरी झंडी दिखानी थी लेकिन ऐन मौके पर कहा गया कि खराब मौसम की चेतावनी के कारण उनकी यात्रा टाल दी गई है। हालांकि पिछले पांच दिन में बहुत खराब मौसम की कोई सूचना नहीं है। सो, क्या किसी खुफिया सूचना के आधार पर यात्रा टाली गई थी? अगर आतंकवादियों की गतिविधियों को लेकर कोई सूचना थी तो उस हिसाब से सुरक्षा बलों की तैनाती क्यों नहीं की गई थी? पर्यटकों की सुरक्षा के लिए भी अतिरिक्त बंदोबस्त क्यों नहीं किए गए थे?

पहलगाम के जिस इलाके में आतंकवादियों ने हमला किया है वह पर्यटकों की पसंदीद जगह है। बताया जा रहा है कि पिछले चार महीने में करीब 25 लाख लोग पहलगाम पहुंचे, जिसमें से 23 लाख लोग इस घाटी में गए। फिर भी वहां दूर दूर तक सुरक्षा बलों का कोई जवान तैनात नहीं था। आतंकवादी जंगल से निकले और 20 मिनट तक हिंसा का तांडव करते रहे और जंगल में भाग गए। इस दौरान कोई प्रतिरोध नहीं हुआ। एक भी जवाबी फायरिंग नहीं हुई।

सोचें, घाटी में आतंकवादियों के अत्याधुनिक हथियारों से फायरिंग की गूंज कहां तक जा रही होगी फिर भी 20 मिनट तक कोई फोर्स नहीं आई! इसका मतलब है कि दो किलोमीटर के दायरे में कहीं भी सुरक्षा बल के जवान नहीं थे। क्या इसे बड़ी लापरवाही नहीं मानेंगे? क्या खुफिया और सुरक्षा बलों को यह ध्यान नहीं था कि भारत में जब भी कोई हाई प्रोफाइल विजिट होती है तो आतंकवादी उसमें खलल पैदा करने का प्रयास करते हैं।

याद करें कैसे सन 2000 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की भारत यात्रा के समय चिट्टिसिंहपुरा नरसंहार हुआ था, जिसमें आतंकवादियों ने सिखों की हत्या की थी। अब फिर अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस भारत में हैं और आतंकवादियों ने धर्म की पहचान करके नरसंहार कर दिया।

ध्यान रहे जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने और विशेष राज्य का दर्ज समाप्त होने के बाद पूरे देश में कश्मीर को लेकर एक सकारात्मक धारणा बनी। राज्य में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होने और जम्मू कश्मीर के मुख्यधारा में शामिल होने की धारणा भी मजबूत हुई। इस वजह से पर्यटन बढने लगा था और सरकार के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल यानी 2024 में दो करोड़ 30 लाख पर्यटक कश्मीर गए थे।

# पहलगाम हमले से वक्फ की लड़ाई से देश का ध्यान भटका

**हरिशंकर व्यास**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम की घटना और उससे पहले पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर की भड़काऊ भाषण ऐसे समय में हुआ है, जब भारत में कई किस्म के सांप्रदायिक विवाद चल रहे हैं। एक बड़ा विवाद वक्फ संशोधन कानून का है, जिसे सरकार ने संसद के बजट सत्र में पास किया। तीन और चार अप्रैल को यह विधेयक क्रमशः लोकसभा और राज्यसभा से पास हुआ। छह अप्रैल को राष्टपति ने इसकी मंजूरी दी और केंद्र सरकार ने दो दिन बाद इसे लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी।

इस कानून के खिलाफ दो स्तर पर लड़ाई चल रही है। एक लड़ाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है, जहां 70 से ज्यादा याचिकाएं दायर की गई हैं तो दूसरी लड़ाई सड़क पर चल रही है, जिसका नेतृत्व ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कर रहा है। पहलगाम की घटना ने वक्फ की लड़ाई से देश का ध्यान भटका दिया है।

गौरतलब है कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड यानी एआईएमपीएलबी ने 10 अप्रैल से 87 दिन के विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था और कहा था कि सात जुलाई तक उसका प्रदर्शन चलेगा। इस दौरान वक्फ कानून के खिलाफ एक करोड़ लोगों के दस्तखत जुटाए जाएंगे और उन्हें प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा। इसके बाद एआईएमपीएलबी की ओर से विरोध प्रदर्शन के दूसरे चरण की घोषणा होनी थी।

एआईएमपीएलबी के साथ साथ जमात ए उलमा ए हिंद की ओर से भी प्रदर्शन हो रहा था और इसके अलावा हर जुमे को नमाज के बाद किसी न किसी रूप में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। परंतु पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों से 'कलमा' पढ़वाने और धर्म पूछ कर हत्या कर देने की घटना के बाद समूचा विरोध प्रदर्शन एक तरह से स्थगित हो गया है। आम लोगों का ध्यान भी इससे हट गया है।

यह ऐसी घटना हुई है, जैसी इससे पहले कश्मीर घाटी में देखने सुनने को नहीं मिली थी। कुछ आतंकवादी बाहरी लोगों की हत्या कर रहे थे लेकिन पर्यटकों को निशाना नहीं बनाया जा रहा था। इसी वजह से सुरक्षा बल भी लापरवाह हो गए थे। पंजाब में आतंकवाद के समय धर्म पूछ कर हत्या करने की अनेक घटनाएं हुई थीं और उसके बाद उसको खत्म करने में समय नहीं लगा। कश्मीर घाटी में ऐसा नहीं होता था। पहली बार ऐसा हुआ कि हिंदुओं को धर्म पूछ कर मारा गया। इस वजह से वक्फ कानून के खिलाफ लड़ रहे संगठन और नेता भी बैकफुट हैं और व्यापक रूप से मुस्लिम आबादी भी हिली हुई है।

उसको लग रहा है कि इससे भारतीय समाज में उनका अलगाव पहले से ज्यादा बढ़ेगा। यही कारण है कि ऑल इंडिया एमआईएम के नेता हों यो एआईएमपीएलबी और जमात के नेता, सब आगे बढ़ कर इस आतंकवादी घटना की निंदा कर रहे हैं।

## गोवा भगदड़ हादसा : भगदड़ से मौतों का जिम्मेवार कौन एक यक्ष प्रश्न ?

**नरेंद्र भारती**

गोवा के शिरगांव में यात्रा के दौरान बिजली का तार गिरने से भगदड़ मचने से 7 लोगों की मौत हो गई और 50 लोग घायल हो गए भगदड़ के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं कुछ माह पहले दिल्ली में भगदड़ मचने से रेलवे स्टेशन शमशानघाट बन गया था दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ में भगदड़ मचने से काफ़ी लोग मारे गए थे अब गोवा में एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए चारों तरफ लाशें ही लाशें बिखर गई रेलवे स्टेशन से यह लोग महाकुम्भ जा रहे 18 लोगों की मौत हो गई थी देश में भगदड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और बेकसूर लोग बेमौत मर रहे हैं 15 फ़रवरी शनिवार देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी अभी कुम्भ की घटना की स्याही भी नहीं सुखी थी की दिल्ली में यह हादसा हो गया कुछ दिन पहले संगम स्थल पर हुआ था प्रयागराज में कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से दर्जनों लोग मारे गए थे और सेकड़ों घायल हो गए थे रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो सकती है ऐसा हादसा इससे पहले हाथरस में सत्संग में भगदड़ मचने से 120 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी कुछ वर्ष पहले विजयदशमी के दिन रावण दहन के अवसर पर बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में देखने को मिला था जहां बिजली का तार टूटने की अफवाह से भगदड़ मचने के कारण 33 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे काश प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक सीखा होता तो यह हादसा न होता। देश में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले सैंकडों हादसे हो चुके है और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके है मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याऐं कहना गलत नहीं होगा। इस रावण दहन के अवसर पर गांधी मैदान में पांच लाख लोग आए थे लेकिन प्रशासन ने केवल एक ही द्वार खोल रखा था।




मेष राशि- आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा होने के योग है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। कुछ लोग आपके बारे में अफवाहें फैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा कोई मौका ही न दें। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए डेली रूटीन में मेडिटेशन व योगा अपनाएंगे।

वृष राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बड़े फायदे होंगे। दिनभर के कामों से आलस्य महसूस होगा लेकिन आप मेहनत से पीछे नहीं हटेंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जाएगा। इस राशि के इंजीनियर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रुका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ डिनर का प्रोग्राम बन सकता है। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आप जितनी मेहनत करेंगे। आपको उतने ही बढ़िया नतीजे मिलेंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन आपके लिए बहुत ही खास होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। सभी कामों में मन लगेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा है। भविष्य में आपको काफी लाभ मिलेगा। घर में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद आपको मिलेगा। स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में बिजी रहेंगे। आप साहित्यिक बुक पढ़ सकते हैं।

कन्या राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। एसी संबंधित काम करने वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। पुराना रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा।

तुला राशि- आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किए गए कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं, दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। परिवार में स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। पिता बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में ऑफिस के कलीग्स के साथ बाहर जा सकते हैं।

धनु राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही बिजनेस करने की सोच रही है नके लिए आज का दिन अच्छा है। सिंगर्स का गाना लोगों को काफी पसंद आएगा। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें। अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय ईश्वर की आराधना के लिए निकालें मन शांत रहेगा। किसी दोस्त से काम के मामले में आपको कुछ नए आइडिया मिल सकते हैं।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। लंबे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा, जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिलेगी।


कुंभ राशि- आज आपका दिन आपके फेवर में रहने वाला है। आज आप नया वाहन लेने का मन बनायेंगे। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनेगी। आज आपको कार्यों में किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। घर के बड़े आपके काम से प्रभावित होंगे। आज आपके माता पिता आपको किसी काम के लिए कह सकते है।

मीन राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। संयम बनाकर काम करने से आपके रुके काम भी बनेंगे। इस राशि के इंजीनीयर्स के लिए आज का दिन खास है, बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद है। आज आप बिजनेस मीटिंग ज्वॉइन कर सकते हैं।

# रवींद्रनाथ टैगोर शांति के लिए हमेशा याद किए जाएंगे

**संजय गोस्वामी**

रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई, 1861 को कोलकाता, भारत में हुआ था रवींद्रनाथ ठाकुर (7मई 1861 - 7 अगस्त 1941) एक बंगाली बहुश्रुत थे, जिन्होंने बंगाल पुनर्जागरण के कवि, लेखक, नाटककार, संगीतकार, दार्शनिक, समाज सुधारक और चित्रकार के रूप में काम किया। उन्होंने 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में प्रासंगिक आधुनिकता के साथ बंगाली साहित्य और संगीत के साथ-साथ भारतीय कला को भी नया रूप दिया। वे गीतांजलि की गहन संवेदनशील, ताज़ा और सुंदर कविता के लेखक थे। 1913 में, टैगोर किसी भी श्रेणी में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले गैर-यूरोपीय व्यक्ति बने, और साहित्य में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले गीतकार भी। टैगोर के काव्य गीतों को आध्यात्मिक और मधुर माना जाता था; जहाँ उनका सुंदर गद्य और जादुई कविता भारतीय उपमहाद्वीप में व्यापक रूप से लोकप्रिय थी। [9] वे रॉयल एशियाटिक सोसाइटी के फेलो थे। उन्हें बंगाल का कवि कहा जाता था, टैगोर को गुरुदेव, कोबीगुरु और बिस्वकोबी जैसे उपनामों से जाना जाता था।कलकत्ता के एक बंगाली ब्राह्मण, जिनकी पैतृक जड़ें बर्दवान जिले जेसोर में थीं, टैगोर ने आठ साल की उम्र में कविताएँ लिखीं। सोलह साल की उम्र में, उन्होंने छद्म नाम भानुसिंह (सूर्य सिंह) के तहत अपनी पहली महत्वपूर्ण कविताएँ जारी कीं, जिन्हें साहित्यिक अधिकारियों ने लंबे समय से खोई हुई क्लासिक्स के रूप में जब्त कर लिया। तक उन्होंने अपनी पहली लघु कथाएँ और नाटक लिखे, जो उनके वास्तविक नाम से प्रकाशित हुए। एक मानवतावादी, सार्वभौमिकवादी, अंतर्राष्ट्रीयवादी और राष्ट्रवाद के प्रबल आलोचक के रूप में, उन्होंने ब्रिटिश राज की निंदा की और ब्रिटेन से स्वतंत्रता की वकालत की। बंगाल पुनर्जागरण के एक प्रतिपादक के रूप में, उन्होंने एक विशाल कैनन को आगे बढ़ाया जिसमें पेंटिंग, रेखाचित्र और डूडल, सैकड़ों ग्रंथ और लगभग दो हज़ार गीत शामिल थे; उनकी विरासत विश्वभारती विश्वविद्यालय की स्थापना में भी कायम है।टैगोर ने कठोर शास्त्रीय रूपों को त्यागकर और भाषाई प्रतिबंधों का विरोध करके बंगाली कला का आधुनिकीकरण किया। उनके उपन्यास, कहानियाँ, गीत, नृत्य नाटक और निबंध राजनीतिक और व्यक्तिगत विषयों पर बात करते थे।




गीतांजलि (गीत अर्पण), गोरा (निष्पक्ष) और घरे-बैरे (घर और दुनिया) उनकी सबसे प्रसिद्ध रचनाएँ हैं, और उनकी कविता, लघु कथाएँ और उपन्यास उनकी गीतात्मकता, बोलचाल, प्रकृतिवाद और अप्राकृतिक चिंतन के लिए प्रशंसित या आलोचना किए गए थे। उनकी रचनाओं को दो देशों ने राष्ट्रगान के रूप में चुना भारत का जन गण मन और बांग्लादेश का आमार सोनार बांग्ला। श्रीलंका का राष्ट्रगान भी उनके काम से प्रेरित था। उनके गीत बांग्लार माटी बांग्लार जोल को पश्चिम बंगाल के राज्य गान के रूप में अपनाया गया है।

टैगोर नाम ठाकुर का अंग्रेजीकृत लिप्यंतरण है। टैगोर का मूल उपनाम कुशारी था। वे पिराली ब्राह्मण थे (पिराली ऐतिहासिक रूप से एक कलंकित और अपमानजनक अर्थ रखता था) जो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के बर्दवान जिले के कुश नामक गाँव के निवासी थे। रवींद्रनाथ टैगोर के जीवनी लेखक प्रभात कुमार मुखोपाध्याय ने अपनी पुस्तक रवींद्रजीबानी ओ रवींद्र साहित्य प्रभारी के पहले खंड में लिखा है कि टैगोर कुशारी, भट्ट नारायण के पुत्र दीन कुशारी के वंशज थे; महाराजा क्षितिसुरा ने दीन को कुश (बर्दवान जिले में) नामक एक गाँव दिया था, वे इसके प्रमुख बन गए और कुशारी के नाम से जाने गए।टैगोर का पालन-पोषण ज्यादातर नौकरों ने किया; उनकी माँ की मृत्यु उनके बचपन में ही हो गई थी, और उनके पिता ने व्यापक यात्राएँ कीं। टैगोर परिवार बंगाल पुनर्जागरण में सबसे आगे था। उन्होंने साहित्यिक पत्रिकाओं के प्रकाशन की मेजबानी की; वहाँ नियमित रूप से बंगाली और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत के रंगमंच और गायन कार्यक्रम होते थे। टैगोर के पिता ने कई पेशेवर ध्रुपद संगीतकारों को घर में रहने और भारतीय शास्त्रीय संगीत सिखाने के लिए आमंत्रित किया। गोर ने बड़े पैमाने पर कक्षा की स्कूली शिक्षा से परहेज किया और मनोर या पास के बोलपुर और पानीहाटी में घूमना पसंद किया, जहां परिवार जाता था। उनके भाई हेमेंद्रनाथ ने उन्हें पढ़ाया और शारीरिक रूप से तैयार किया उन्होंने चित्रकारी, शरीर रचना विज्ञान, भूगोल और इतिहास, साहित्य, गणित, संस्कृत और अंग्रेजी सीखी - जो उनके सबसे कम पसंदीदा विषय थे। टैगोर को औपचारिक शिक्षा से नफरत थी - स्थानीय प्रेसीडेंसी कॉलेज में उनकी विद्वतापूर्ण मेहनत एक ही दिन तक चली। वर्षों बाद, उन्होंने माना कि उचित शिक्षण चीजों को समझा नहीं सकता; उचित शिक्षण जिज्ञासा को बढ़ाता है।12 वर्ष की आयु में अपने उपनयन (वयस्कता संस्कार) के बाद, टैगोर और उनके पिता कई महीनों के लिए भारत का दौरा करने के लिए फरवरी 1873 में कलकत्ता से चले गए, अपने पिता की शांतिनिकेतन एस्टेट और अमृतसर का दौरा करने से पहले हिमालय के हिल स्टेशन डलहौजी पहुंचे। वहाँ टैगोर ने आत्मकथाएँ पढ़ीं, इतिहास, खगोल विज्ञान, आधुनिक विज्ञान और संस्कृत का अध्ययन किया और कालिदास की शास्त्रीय कविता की जाँच की। वे अपनी पुस्तक माई रिमिनिसेंस (1912) में लिखते हैं अमृतसर का स्वर्ण मंदिर मेरे सामने एक स्वप्न की तरह आता है। कई सुबह मैं अपने पिता के साथ झील के बीच में सिखों के इस गुरुदरबार में गया हूँ। वहाँ पवित्र मंत्रोच्चार लगातार गूंजता रहता है। मेरे पिता, भक्तों की भीड़ के बीच बैठे हुए, कभी-कभी स्तुति के भजन में अपनी आवाज़ मिलाते थे, और किसी अजनबी को अपनी भक्ति में शामिल पाते थे, वे उत्साहपूर्वक सौहार्दपूर्ण होते थे, और हम चीनी के क्रिस्टल और अन्य मिठाइयों के पवित्र प्रसाद से लदे हुए लौटते थे।उन्होंने सिख धर्म से संबंधित 6 कविताएँ लिखीं और सिख धर्म के बारे में बंगाली बच्चों की पत्रिका में कई लेख लिखे। रवींद्रनाथ टैगोर को 1913 में उनके कविता संग्रह गीतांजलि (गीत प्रस्ताव) के लिए साहित्य में नोबेल पुरस्कार मिला। इससे वे साहित्य में नोबेल पुरस्कार पाने वाले पहले गैर-यूरोपीय और पहले भारतीय बन गए। रवींद्रनाथ टैगोर की मृत्यु 7 अगस्त, 1941 को हुई थी। रवींद्रनाथ टैगोर बंगाली कवि, लघु-कथा लेखक, संगीतकार, नाटककार, उपन्यासकार, के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे।



# सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद का समाधान मिलजुलकर निकालें पंजाब-हरियाणा सरकार : सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को हरियाणा और पंजाब के बीच एसवाईएल (सतलुज-यमुना लिंक कैनाल) नहर विवाद को लेकर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से कहा कि दोनों राज्य सौहार्दपूर्ण समाधान तक पहुंचने के लिए केंद्र का सहयोग करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर समाधान नहीं निकला तो पीठ इस मामले पर 13 अगस्त को सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से एएसजी ने कहा कि जल शक्ति मंत्री ने बैठक की और जल बंटवारे पर विचार करने के लिए समिति गठित की गई है। दोनों राज्यों के मुख्य सचिव समिति के अध्यक्ष हैं और 1 अप्रैल 2025 को इस मामले में एक अतिरिक्त हलफनामा दाखिल किया गया है। इस पर हरियाणा सरकार के वकील श्याम दीवान ने कहा कि बातचीत से कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। जहां तक नहर के निर्माण की बात है, तो हरियाणा ने अपने इलाके का काम पूरा कर लिया है। एक अहम मुद्दा है कि पानी नहीं छोड़ा जा रहा है।पंजाब सरकार के एडवोकेट जनरल गुरमिंदर सिंह ने कहा कि डिक्री अतिरिक्त पानी के लिए थी, लेकिन नहर का निर्माण अभी होना बाकी है। हरियाणा को अतिरिक्त पानी मिलना चाहिए या नहीं, यह मुद्दा ट्रिब्यूनल के समक्ष लंबित है।इसके अलावा, केंद्र सरकार की तरफ से एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि हमने मध्यस्थता के लिए प्रयास किए थे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हलफनामे में कहा गया है कि दोनों मध्यस्थता के लिए सहमत हो गए हैं।वहीं, हरियाणा के वकील ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि हम सहयोग नहीं करने जा रहे हैं, इसलिए वार्ता विफल हो गई है। साल 2016 से हम प्रयास कर रहे हैं, लेकिन आगे कुछ नहीं हुआ।दरअसल, हरियाणा और पंजाब के बीच पानी का विवाद बहुत पुराना है। एसवाईएल विवाद 1966 में हरियाणा के पंजाब से अलग होने के बाद 1981 के जल-बंटवारे समझौते से जुड़ा है।हरियाणा में खेतों की सिंचाई के लिए पानी की बेहद कमी थी। केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद सतलुज-यमुना लिंक नहर को लेकर पंजाब और हरियाणा के बीच जल संधि हुई थी।

## भोलेनाथ के भक्तों के लिए जरूरी खबर : केदारनाथ यात्रा में घोड़े-खच्चरों के संचालन पर रोक, ये है वजह

रुद्रप्रयाग (आरएनएस)। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर चल रहे घोड़े-खच्चरों में एक्वाइन इन्फ्लूएंजा वायरस के लक्षण सामने आने के बाद पशुपालन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। सचिव पशुपालन डॉ. पुरुषोत्तम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर अगले 24 घंटे तक सभी घोड़े-खच्चरों के संचालन पर पूर्ण रोक लगाने के आदेश दिए हैं।रविवार को 8 और सोमवार को 6 घोड़े-खच्चरों की अचानक मौत के बाद यह फैसला लिया गया है। इन मौतों की असली वजह जानने के लिए भारत सरकार से विशेषज्ञों की टीम रुद्रप्रयाग पहुंच रही है। वहीं, संक्रमित या संदिग्ध घोड़ों को क्वारंटाइन किया जा रहा है और राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान संस्थान, हिसार को जांच के लिए सैंपल भेजे गए हैं।सचिव ने बताया कि 4 से 30 अप्रैल के बीच विभाग ने 16,000 से अधिक घोड़े-खच्चरों की स्क्रीनिंग की थी और केवल नेगेटिव रिपोर्ट वाले पशुओं को ही यात्रा में शामिल किया गया था। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने तक प्रतिबंध जारी रहेगा।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने टिहरी गढ़वाल के देवप्रयाग में अलकनंदा और भागीरथी नदियों के पवित्र संगम पर पूजा-अर्चना की।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने किए मां नर्मदा के दर्शन, 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थल पर सरदार वल्लभभाई पटेल को दी श्रद्धांजलि

जयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने गुजरात प्रवास के पहले दिन सोमवार को केवड़िया में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा के साथ पावन नर्मदा नदी के तट पर स्थित मां नर्मदा के दैवीय स्वरूप के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। शर्मा ने इस दौरान मां नर्मदा से प्रदेशवासियों का जीवन सुख-समृद्धि और खुशहाली से परिपूर्ण होने की कामना की।इसके पश्चात शर्मा एवं नड्डा ने नर्मदा नदी के किनारे स्थित विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थल पहुंचकर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। शर्मा ने कहा कि स्व. पटेल की यह भव्य प्रतिमा भारत के एकीकरण के महानायक के अतुलनीय साहस, दूरदर्शिता एवं राष्ट्रप्रेम का जीवंत प्रतीक है। इस दौरान केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं सांसद मदन राठौड़ भी मौजूद रहे।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की।

## दर्दनाक हादसा : कार-बाइक की टक्कर से चार दोस्तों समेत 6 की गई जान, परिवारों में छाया मातम

शाहजहांपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में सोमवार देर रात एक भयावह सड़क हादसे ने 6 परिवारों की खुशियां छीन लीं। मदनापुर थाना क्षेत्र के काबिलपुर गांव के पास बाइक और इको कार की आमने-सामने की भीषण टक्कर में चार दोस्तों समेत छह लोगों की मौके पर ही जान चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक में आग लग गई और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।घटना काबिलपुर गांव के पास एक पेट्रोल पंप के निकट हुई, जहां बरेली की ओर जा रही बाइक और मदनापुर की तरफ से आ रही इको कार की सीधी टक्कर हो गई। बाइक में आग लग गई, और सभी सवार छिटककर दूर जा गिरे। राहगीरों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी और फिर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चार को मृत घोषित कर दिया।

## उत्तर प्रदेश : शाहजहांपुर गाड़ियों की आमने-सामने की टक्कर में छह की मौत, सीएम योगी ने जताया दुख

शाहजहांपुर ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में मदनापुर थाना क्षेत्र में एक बाइक और ईको वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक में आग लग गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। वहीं बाइक पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए घायलों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना मदनापुर में एक बाइक और ईको वाहन की टक्कर हो गई, जिसमें दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि चार लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। इनमें चार शाहजहांपुर के रहने वाले हैं, जबकि दो लोग बरेली के हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

वहीं घटना की जानकारी देते हुए एक पुलिसकर्मी ने बताया कि शाहजहांपुर के ग्राम काबिलपुर पेट्रोल पंप से 100 मीटर पहले मदनापुर की तरफ एक ईको गाड़ी और डिस्कवर मोटरसाइकिल में आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिसमें ईको गाड़ी में सवार दो व्यक्ति सुधीर और सोनू, थाना फरीदपुर जनपद बरेली के, की मौके पर ही मृत्यु हो गई है।

उन्होंने आगे बताया कि मौके से घायलों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी मदनापुर भेजा गया, जहां पर इलाज के दौरान तीनों लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं एक घायल अभिषेक को जिला अस्पताल शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया गया। अभिषेक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।इस हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद शाहजहांपुर में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

## बड़ा हादसाः बारातियों से भरी स्कॉर्पियो कार और ट्रैक्टर में भीषण टक्कर, आठ लोगों की मौत

कटिहार (आरएनएस)। बिहार में देर रात स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत हो गई। यह दुर्घटना कुर्सेला थानाक्षेत्र के एस एच 77 दियारा चांदपुर टिकापट्टी बजरंगबली मंदिर के पास हुई। इस दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने आठ लोगों को मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना के बाद जिस घर में खुशी का माहौल था, वह मातम में बदल गया। जानकारी के मुताबिक, करीब एक बजे सड़क पर मक्के से लदी ट्रैक्टर को स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें आठ लोगों की जान चली गई है। वहीं, दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। मोटरसाइकिल से पीछे से आ रहे बाराती ने बताया कि यह बारात पुर्णिया के बरहरा कोठी डिबरा बाजार से कुर्सेला के समीप कोसकीपुर गांव जा रही थी। दियारा चांदपुर पुल के समीप सड़क पर रखे मक्का के ढेर पर स्कॉर्पियो का चक्का चढ़ जाने के कारण वह अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़ी मक्के से भरे ट्रैक्टर से टकरा गई। इसके बाद वाहन के परखच्चे उड़ गए। बारात जा रहे परिजन ने बताया कि स्कॉर्पियो में सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय पुलिस ने समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डाक्टर ने आठ को मृत घोषित कर दिया।

## मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, जाति जनगणना पर दिए कुछ सुझाव

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को जाति जनगणना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र के जरिए पीएम मोदी को कुछ सुझाव भी दिए हैं।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने एक्स अकाउंट पर पत्र शेयर करते हुए लिखा, जाति जनगणना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेरा पत्र। मैंने 16 अप्रैल, 2023 को आपको पत्र लिखकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जाति जनगणना की मांग को आगे बढ़ाया था। अफसोस की बात है कि मुझे इस पत्र का कोई जवाब नहीं मिला। दुर्भाग्य से, आपकी पार्टी के नेताओं और आपने इस वैध मांग को उठाने के लिए कांग्रेस और उसके नेतृत्व पर हमला किया, जिसे आप आज स्वीकार करते



हैं कि यह गहरे सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के हित में है। आपने अब घोषणा की है कि अगली जनगणना (जो 2021 में होनी थी) में जाति को एक अलग श्रेणी के रूप में शामिल किया जाएगा, लेकिन इसके विवरण नहीं दिए। मेरे पास आपके विचार के लिए तीन सुझाव हैं।

उन्होंने आगे बताया, जनगणना प्रश्नावली का डिजाइन महत्वपूर्ण है। गृह मंत्रालय को तेलंगाना मॉडल से प्रेरणा लेनी चाहिए, प्रश्नावली को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया और पूछे गए सवालों के सेट दोनों के लिए। जाति जनगणना के परिणाम जो भी हों, यह स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की मनमानी सीमा को संविधान संशोधन के माध्यम से हटाया जाना चाहिए। संविधान में अनुच्छेद 15(5) को 20 जनवरी, 2006 से लागू किया गया था। इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी और 29 जनवरी, 2014 को लंबी सुनवाई के बाद इसे बरकरार रखा गया। यह निजी शैक्षणिक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान करता है। इसे लागू करना चाहिए।

## पहलगाम हमले का असर : वुलर झील का पर्यटन ठप, संकट में शिकारा मालिक

श्रीनगर (आरएनएस)। कश्मीर के सोपोर में स्थित एशिया की दूसरी सबसे बड़ी मीठे पानी की झील वुलर झील हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद पर्यटन के लिहाज से सूनी पड़ी है।

22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले ने कश्मीर घाटी के पर्यटन उद्योग को गहरा झटका दिया है। वुलर झील के किनारे शिकारा मालिक और पर्यटन पर निर्भर परिवार अब आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं, क्योंकि पर्यटकों की आवाजाही लगभग ठप हो चुकी है।आजीविका के लिए पर्यटकों पर निर्भर रहने वाले शिकारा मालिक हसन ने कहा, हम पूरे दिन इंतजार करते हैं, लेकिन कोई नहीं आता। कश्मीर अपने आतिथ्य के लिए जाना जाता है। हम शांति और पर्यटन की बहाली की मांग करते हैं। पहलगाम हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं, यह मानवता पर हमला है। वहीं स्थानीय निवासी मंजूर अहमद, जो पहले प्रतिदिन 1500 रुपये तक कमा लेते थे, अब मुश्किल से 100 रुपये कमा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम पर्यटकों से अपील करते हैं कि वे घाटी में फिर से आएं और वुलर झील सहित कश्मीर की छिपी प्राकृतिक सुंदरता को देखें।

## बीपीएससी टीआरई-3 अभ्यर्थियों पर पटना में लाठीचार्ज, सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग तेज

पटना ,(आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) टीआरई-3 के अभ्यर्थियों ने पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास के बाहर सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने छात्रों को वहां से हटने की चेतावनी दी, लेकिन बीपीएससी अभ्यर्थी सीएम आवास के बाहर से हटने के लिए तैयार नहीं थे। जिसके बाद छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया गया।

पुलिस की ओर से किए गए लाठीचार्ज में कई अभ्यर्थी घायल हो गए। पुलिस का दावा है कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन अभ्यर्थियों का कहना है कि कई छात्रों को चोट आई है।

बीपीएससी टीआरई-3 के अभ्यर्थी पिछले चार महीनों से खाली शिक्षक पदों के लिए सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि उनके अंक कट-ऑफ के बराबर हैं, फिर भी उन्हें नियुक्ति नहीं मिली, जबकि समान अंक वाले अन्य अभ्यर्थियों को शिक्षक पद मिल चुका है।

सीवान से आई अभ्यर्थी दीपा सिंह ने गुस्से में कहा, नीतीश सरकार के राज में हमें लाठी मिली है। हम कह रहे हैं, या तो रिजल्ट दे दो या यहीं फांसी दे दो। चार महीने से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं। हम खाली सीटों के लिए पूरक परिणाम चाहते हैं। हमने न्याय मांगने के लिए सीएम आवास का दरवाजा खटखटाया, विरोध करने के लिए नहीं। हम बिहार के शैक्षणिक भविष्य को आकार देना चाहते हैं, लेकिन हमें असहाय और उपेक्षित छोड़ दिया गया है।

अभ्यर्थियों का आरोप है कि बीपीएससी ने पारदर्शिता नहीं बरती और मल्टीपल सीटों के लिए सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी नहीं किया। उनकी मांग है कि बची हुई 87,774 शिक्षक पदों की सीटों के लिए तुरंत पूरक परिणाम घोषित किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे सामूहिक रूप से जल समाधि लेने जैसे कठोर कदम उठाएंगे।

इस घटना ने बिहार में राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। राजद का कहना है कि छात्रों की जायज मांगों को दबाने के लिए लाठीचार्ज करना शर्मनाक है। सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस मामले में सरकार को त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई करनी चाहिए।यह पहला मौका नहीं है, जब बीपीएससी अभ्यर्थियों ने सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग को लेकर प्रदर्शन किया हो। इससे पहले 24 मार्च को अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के आवास के बाहर हंगामा किया था। उस दिन मंत्री जब अपने आवास पहुंचे, तो अभ्यर्थियों ने उन्हें घेर लिया और सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग पर अड़ गए। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि पुलिस को हस्तक्षेप कर मंत्री को सुरक्षित निकालना पड़ा।

## उत्तर प्रदेश में सात जिलों के एसपी समेत 14 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में कई पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए। 14 आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर किया गया। मोहित गुप्ता पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी से सचिव गृह उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ बनाए गए हैं। इस तबादला सूची में महाकुंभ मेले के डीआईजी रहे वैभव कृष्ण का नाम भी शामिल है। वाराणसी जोन के आईजी मोहित गुप्ता को लखनऊ का गृह सचिव बनाया गया। वहीं, राज करण नैयर गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नियुक्त किए गए। पिछले कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश में अधिकारियों के ट्रांसफर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर 14 आईपीएस अधिकारियों को इधर-उधर किया। साथ ही 7 जिलों के कप्तान भी बदल दिए। वैभव कृष्ण जिन्हें उपमहानिरीक्षक महाकुंभ मेला प्रयागराज की जिम्मेदारी सौंप गई थी, अब पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र बनाए गए हैं। एसएसपी राज करण नैयर अयोध्या से गोरखपुर भेजे गए और गोरखपुर के एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर को अयोध्या की जिम्मेदारी मिली।

## नारी वंदना का ढोंग रचने वाली भाजपाइयों की सोच महिला विरोधी : अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिलाओं को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले ही भाजपा के पूर्व रूप का 'चाल, चरित्र और चेहरा' ऐसा नहीं था कि वह सामने आकर मुंह दिखा सके, क्योंकि वे ऐसे काम, वारदात और साजिश-षड्यंत्र करते थे, जो देशभक्ति, नैतिकता और सामाजिकता के पैमाने पर नकारात्मक और अपराधात्मक माने जाते थे। इसलिए इनकी गतिविधियां हमेशा भूमिगत रहकर मुखबिरी के रूप में ही दबे-छिपे चलती रहीं।सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबी पोस्ट में लिखा, भाजपा ने कई बार रूप बदला, जिससे ये पहचाने न जा सकें। यही परंपरा आज भी जारी है। जब इनके समर्थक पीठ पीछे से कई अनाम नाम रखकर अपनी भूमिगत नकारात्मक भूमिका निभाते हैं और उनका विरोध करते हैं, जो इनकी सत्ता के लिए खतरा हैं।



उन्होंने कहा कि मूल रूप से भाजपाई और उनके संगी-साथी, वे लोग रहे हैं, जो सत्ता पर परंपरागत रूप से अपनों को काबिज करवाए रखना चाहते थे। इसलिए राजनीति और अर्थव्यवस्था पर जिन लोगों का सदियों से वर्चस्व रहा है, उन लोगों ने परदे के पीछे से भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों का हमेशा से 'बल-धन' और 'धन-बल' से साथ दिया। भाजपाइयों ने कभी नहीं चाहा कि कोई और वर्ग या तबका राजनीतिक और आर्थिक रूप से शक्तिशाली हो।

## सुकमा में नक्सलियों की बौखलाहट देखने को मिली

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों की बौखलाहट देखने को मिली है. नक्सलियों ने तारलागुड़ा के उपसरपंच मुचाकी मूचाकी रामा की गला घोंटकर हत्या कर दी. इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है.जानकारी के अनुसार, बिना वर्दी के पहुंचे माओवादियों ने उपसरपंच मूचाकी रामा को घर से उठाया और जंगल ले जाकर रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी. यह घटना सोमवार दोपहर लगभग 3:00 बजे की है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को सुरक्षित निकाला. शव को वैधानिक कार्यवाही के लिए भेजा गया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. नक्सलियों द्वारा उप सरपंच की हत्या को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने इस घटना को नक्सलियों की कायराना करतूत करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की. शर्मा ने कहा कि नक्सली लगातार कायराना हरकतों की ओर बढ़ रहे हैं, जो आम जनता और नक्सलियों के बीच जारी द्वंद का हिस्सा है।

# कृति खरबंदा ने पिंक लुक में ढाया कहर, सोशल मीडिया पर मची हलचल



कृति खरबंदा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर गुलाबी साड़ी में कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं, जिससे सोशल मीडिया पर हलचल मच गई। एक्ट्रेस हर अंदाज़ में बेहद ग्रेसफुल और एलिगेंट नज़र आईं, और उनकी दिल को छू लेने वाली कैप्शन ने इस पल को और भी खास बना दिया- फैंस ने उनकी तारीफों की बाढ़ ला दी, लेकिन सबसे ज़्यादा ध्यान खींचा उनके पति पुलकित सम्राट के प्यारे से कमेंट ने—प्रिटी खरबंदा।इस सिंपल लेकिन दिल छू लेने वाले कमेंट ने फैंस का दिल जीत लिया और सभी उनकी बॉन्डिंग की तारीफ करने लगे।मार्च 2024 में शादी के बंधन में बंधे ये कपल हाल ही में अपनी पहली वेडिंग एनिवर्सरी मना चुका है। प्यार, हँसी और एक-दूसरे के प्रोफेशनल सफर में दिए गए सपोर्ट से भरा उनका एक साल बेहद खास रहा है।चाहे इवेंट्स में एक-दूसरे को सपोर्ट करना हो या सोशल मीडिया पर कैंडिड मोमेंट्स शेयर करना—कृति और पुलकित आज बॉलीवुड के सबसे क्यूट और पसंदीदा कपल्स में गिने जाते हैं।उनकी लव स्टोरी आज भी दिलों को जीत रही है, और फैंस उनके ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री के दीवाने हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर संजय दत्त की द भूतनी की कमाई में सुधार, चौथे दिन रहा ऐसा हाल

संजय दत्त की फिल्म द भूतनी को 1 मई को अजय देवगन की रेड 2 के साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन रेड 2 संजू बाबा की द भूतनी से बहुत आगे निकल चुकी है।

द भूतनी से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह औंधे मुंह गिरी।पहले दिन से ही फिल्म का कारोबार लाखों में सिमटा हुआ है। हालांकि, चौथे दिन इसकी कमाई में मामूली सुधार देखने को मिला है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, द भूतनी ने चौथे दिन यानी पहले रविवार को 1.06 करोड़ रुपये का कारोबार किया। भारत में अब इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 3.19 करोड़ रुपये हो गया है।द भूतनी ने 65 लाख रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन इस फिल्म ने 62 लाख रुपये और तीसरे दिन 89 लाख रुपये कमाए।

# रेड 2 की सफलता से वाणी कपूर बेहद खुश, बोलीं- ये सब सपने के सच होने जैसा



2018 की हिट फिल्म रेड का सीक्वल रेड 2 सिनेमाघरों में धमाल मचा रहा है। इसका जलवा बॉक्स ऑफिस पर साफ देखा जा सकता है। रविवार को फिल्म ने 70.50 करोड़ रुपये कमाए, जिससे यह 100 करोड़ क्लब की तरफ बढ़ती नजर आ रही है। फिल्म की कमाई से स्टार कास्ट काफी खुश है। वाणी कपूर भी! जिन्होंने मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाया है।

वाणी कपूर काफी खुश हैं कि उनकी फिल्म रेड 2 सिर्फ चार दिनों में बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई है।

अभिनेत्री ने फिल्म की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा, बॉक्स ऑफिस पर सफलता पाना खास अहसास होता है, जैसे कोई सपना सच हो रहा हो। जब आप ऐसी फिल्म का हिस्सा बनते हैं जो दर्शकों से जुड़ती है, तो यह देखकर काफी अच्छा लगता है। फिल्म को मिल रही प्रतिक्रिया दिल को छू लेने वाली है। मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर खुद को बेहद भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। वाणी फिल्म में अपनी एक्टिंग के लिए चारों ओर से तारीफें बटोर रही हैं। उन्होंने कहा, इस फिल्म की कहानी बहुत दमदार है। निर्देशक राज कुमार गुप्ता के साथ इस प्रोजेक्ट पर काम करना मेरे लिए शानदार अनुभव रहा है। इस फिल्म से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे किरदार की सराहना के लिए आप सभी का धन्यवाद।


रेड टू की अभिनेत्री ने आगे कहा, अजय देवगन सर और राज कुमार गुप्ता सर के साथ काम करके मैंने बहुत कुछ सीखा, जिससे मैं एक कलाकार के तौर पर और बेहतर बन पाई हूं। फिल्म की सफलता मेरे लिए बहुत मायने रखती है। दर्शकों से मिलने वाली प्रतिक्रिया मुझे मेहनत करने और लगातार बेहतर बनने के लिए प्रेरित करती है।

फिल्म रेड 2 में अजय देवगन और वाणी कपूर के अलावा अमित सियाल, रितेश देशमुख, यशपाल शर्मा, सौरभ शुक्ला और सुप्रिया पाठक लीड रोल में हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की रेड 2 ने मचाया धमाल, कमाई 70 करोड़ रुपये के पार

अजय देवगन की मचअवेटेड फिल्म रेड 2 साल की मच अवेटेड फिल्म थी. 1 मई को इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी और कई फिल्मों से क्लैश होने के बावजूद इसने दमदार शुरुआत की थी. इसके बाद वीकेंड पर तो इसने धमाल मचा दिया और शानदार कमाई की. चलिए जानते हैं रेड 2 ने चौथे दिन यानी संडे को कितना कलेक्शन किया है?

साल 2018 की ब्लॉकबस्टर रेड के सीक्वल रेड 2 बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के पहले दिन से दमदार परफॉर्म कर रही है. इस फिल्म से एक बार फिर अजय देवगन ने इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक के किरदार में कमबैक किया है और अपनी दरदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया है. फिल्म में भ्रष्ट नेता के किरदार में रितेश देशमुख की अदाकारी भी जबरदस्त है. फिल्म के डायलॉग्स पर भी थिएटर्स में खूब सीटियां बज रही हैं. ओवरऑल रेड 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है. इस फिल्म को देखन के लिए सिंनेमाघरों में दर्शक खींचे चले आ रहे हैं. इसी के साथ इसने दमदार कमाई भी कर ली है और वीकेंड पर तो इस पर नोटों की बारिश हुई है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो रेड 2 ने रिलीज के पहले दिन 19.25 करोड़ का कलेक्शन किया था. दूसरे दिन फिल्म ने 12



करोड़ की कमाई की. तीसरे दिन रेड 2 का कलेक्शन 18 करोड़ रहा, सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक रेड 2 ने रिलीज के चौथे दिन यानी संडे को 21.25 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ रेड 2 का चार दिनों का कुल कलेक्शन अब 70.50 करोड़ रुपये हो गया है.रेड 2 रिलीज के पहले दिन से नए-नए रिकॉर्ड अपने नाम कर रही है. अपने ओपनिंग वीकेंड पर भी ये साल 2025 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 की ओपनिंग वीकेंड पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ये टॉप 5 फिल्में हैं.रेड 2 बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही है. संडे को तो इस फिल्म ने छप्परफाड़ कमाई की. दिलचस्प बात ये है कि इस समय सिनेमाघरों में साउथ की रेट्रो और हिट 3 के अलावा हॉलीवुड फिल्म थंडरबोल्ट्स भी लगी हुई हैं. वहीं केसरी 2 और जाट भी फिलहाल सिनेमाघरों में चल रही हैं. इन सभी के बीच रेड 2 सबसे ज्यादा कमाई कर रही है. इतना ही नहीं अजय देवगन स्टारर फिल्म ने महज रिलीज के चार दिनों में अपने बजट से ज्यादा कमाई कर ली है. बता दें कि रेड 2 की लागत 48 करोड़ रुपये बताई जा रही है और इसने चार दिन में 70 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है. अब ये 100 करोड़ की ओर बढ़ रही है. फिल्म की कमाई की रफ्तार देखते हुए उम्मीद है की अपने पहले हफ्ते में ही ये फिल्म शतक जड़ देगी. राजकुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित रेड 2 में अजय देवगन, रितेश देशमुख, वाणी कपूर और सौरभ शुक्ला ने मुख्य भूमिकाएँ निभाई हैं. अजय अब जल्द ही रितेश देशमुख, जावेद जाफ़री और अरशद वारसी के साथ धमाल 4 में नज़र आएंगे।

## भूल चूक माफ का बोनस ट्रेलर लॉन्च, शादी के लिए सरकारी नौकरी ढूंढ़ते दिखे राजकुमार राव

हाल ही में राजकुमार राव और वामिका गब्बी की बहुचर्चित फिल्म भूल चूक माफ का बोनस ट्रेलर निर्माताओं द्वारा रिलीज किया गया है, जो दर्शकों के लिए एक तोहफा है। इस ट्रेलर में अभिनेता अपनी शादी के लिए तमाम उपायों को करते नजर आ रहे हैं और वह अपनी हल्दी की ही रश्म में फंसे दिख रहे हैं।

भूल चूक माफ फिल्म के निर्माताओं ने दर्शकों को तोहफा देते हुए फिल्म का बोनस ट्रेलर लॉन्च किया है। एक मिनट 21 सेकेंड के इस बोनस ट्रेलर की शुरुआत में वामिका शादी के लिए राजकुमार राव को भगा लाती हैं। इसके बाद ट्रेलर में राजकुमार राव शादी करने के लिए तमाम उपायों को करते नजर आते हैं, जैसे सरकारी नौकरी खोजना, गाय को रोटी के साथ गुड़ खिलाना आदि। इसके साथ ही वह ट्रेलर में दो दिनों से हल्दी की रस्म में ही फंसे हुए हैं। इस रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म के बोनस ट्रेलर में हंसी का डोज भरपूर है।भूल चूक माफ फिल्म के बोनस ट्रेलर को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'रंजन बनाना चाहता है तितली को अपनी पत्नी, पर भसड़ से भरी है उसकी जिंदगी। क्या हल्दी पर ही इसकी कहानी अटकी रहेगी, या आगे भी बढ़ेगी?' इसके आगे लिखा, 'मनोरंजन, हंसी और सभी भावनाओं से भरपूर सबसे बड़ी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म देखें, केवल 4 दिन दूर।'

## बॉक्स ऑफिस पर केसरी 2 ने पार किया 80 करोड़ रुपये का आंकड़ा, जानिए कुल कारोबार

अजय देवगन, आर माधवन और अनन्या पांडे जैसे सितारों से सजी फिल्म केसरी- चैप्टर 2 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 17 दिन पूरे हो गए हैं और दर्शकों के बीच यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।





यह फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज हुई थी और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

वीकेंड पर फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी देखने को मिली। आइए जानें केसरी 2 ने 17वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने अपनी रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे रविवार को 2.35 करोड़ रुपये कमाए। इसी के साथ भारत में इस फिल्म की कुल कमाई 80.20 करोड़ रुपये हो गई है।देश में ही नहीं, विदेश में भी फिल्म का डंका बज रहा है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 120 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।इस फिल्म का अनुमानित बजट 150 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

केसरी 2 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के इर्द-गिर्द की भयावह घटनाओं को दिखाती है। इसमें अक्षय निडर वकील सी. शंकरन नायर बने हैं,



## पलक तिवारी की रोमियो एस 3 का पहला पोस्टर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

गुड्डू धनोआ निर्देशित फिल्म 'रोमियो एस3' का पहला लुक पोस्टर सामने आया है। इस पोस्टर में बॉलीवुड में कुछ वक्त पहले ही शुरुआत करने वाली एक एक्ट्रेस नजर आ रही हैं। साथ ही फिल्म के पोस्टर से साफ लगता है कि यह एक एक्शन फिल्म होने वाली है। जानिए, इसके लीड एक्टर्स कौन हैं? और इसकी कहानी क्या है? फिल्म 'रोमियो एस3' में पुलिस ऑफिसर के रोल में ठाकुर अनूप सिंह हैं और पलक तिवारी हीरोइन बनी हैं। यह फिल्म 16 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पलक तिवारी ने कुछ वक्त पहले ही अपना बॉलीवुड करियर शुरू किया है, वह टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी हैं। पलक ने सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' की थी। वह जल्द ही फिल्म 'द भूतनी' में भी नजर आएंगी।

फिल्म 'रोमियो एस3' में पुलिस वाले के रोल में अनूप हैं तो पलक ने एक पत्रकार का रोल किया है। इन दोनों का सामना एक ड्रग कार्टेल से हो जाता है। इसके बाद इनकी जिंदगी में तरह-तरह की मुश्किल आती हैं। फिल्म की कहानी में हमारे आसपास होने वाले भ्रष्टाचार को भी दिखाया जाएगा। अब तक इस तरह की कहानी पर कई फिल्में बन चुकी हैं। 'रोमियो एस3' किन मायनों में अलग होगी, यह रिलीज के बाद पता चलेगा।

## महिलाओं में मधुमेह के जोखिम कम कर सकती है ब्लैक कॉफी, अध्ययन में हुआ खुलासा

कई लोग अपने दिन की शुरूआत ब्लैक कॉफी से करते हैं क्योंकि उनका मानना है कि यह भरपूर ऊर्जा देने के साथ कई अ-य लाभ दे सकती है।वहीं एक नए अध्ययन से पता चला है कि रोजाना एक कप ब्लैक कॉफी पीने से महिलाओं में मधुमेह के जोखिम कम हो सकते है। इसलिए इसे डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।आइए इस अध्ययन के बारे में विस्तार से जानते हैं।



### 7,000 से ज्यादा लोगों पर किया गया अध्ययन

एक हालिया अध्ययन के अनुसार, ब्लैक कॉफी का सेवन न केवल ताजगी प्रदान कर सकता है बल्कि इससे इंसुलिन संवेदनशीलता भी सुधरती है, खासकर महिलाओं में। साल 2019 से 2021 के कोरिया नेशनल हेल्थ एंड न्यूट्रिशन एग्जामिनेशन सर्वे के डेटा का इस्तेमाल करके किए गए इस अध्ययन में 7,000 से ज्यादा कोरियाई वयस्कों के बीच कॉफी की खपत और ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म के स्तर के बीच संबंधों का विश्लेषण किया गया।

### इस तरह से ब्लैक कॉफी का असर आया सामने

इस अध्ययन के लिए प्रतिभागियों ने 24 घंटे की अवधि में अपनी कॉफी की खपत और कॉफी के प्रकार के बारे में बताया।इसके बाद शोधकर्ताओं ने कहा, हमारे निष्कर्षों से पता चलता है कि रोजाना दो या अधिक कप ब्लैक कॉफी का सेवन कोरियाई महिलाओं में इंसुलिन रेजिस्टेंस से विपरीत रूप से जुड़ा हुआ है।अध्ययन के परिणामों ने ब्लैक कॉफी की खपत और ग्लूकोज मेटाबॉलिक के बेहतर स्तर के बीच जरूरी संबंध का संकेत दिया।

ब्लैक कॉफी इंसुलिन संवेदनशीलता को सुधारने में कर सकती है मदद- शोधकर्ताशोधकर्ताओं का कहना है कि जिन महिलाओं ने ब्लैक कॉफी पी थी, उनमें बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता और कम इंसुलिन रजिस्टेंस सामने आया।उन्होंने आगे कहा, इन निष्कर्षों से पता चलता है कि ब्लैक कॉफी मेटाबॉलिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में भूमिका निभा सकती है, खासतौर से महिलाओं में।बता दें कि इंसुलिन संवेदनशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि आपका शरीर इंसुलिन के प्रति कितनी अच्छी तरह प्रतिक्रिया करता है।

### ब्लैक कॉफी का अधिक सेवन करने से बचें- शोधकर्ता

शोधकर्ताओं ने बताया कि जब इंसुलिन संवेदनशीलता अधिक होती है तो शरीर अच्छे से काम करता है, जिससे खून में शर्करा का स्तर भी नियंत्रण में रहता है और टाइप 2 मधुमेह होने की संभावना कम हो जाती है।

उन्होंने आगे कहा कि ब्लैक कॉफी पीना लाभदायक है, लेकिन इसका अधिक सेवन करने से बचें क्योंकि इसकी अधिकता नुकसान का कारण बन सकती है। इससे नींद खराब हो सकती है या बेचैनी महसूस हो सकती है।

# सही फाउडेशन चुनने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, त्वचा पर लगेगा सही और खूबसूरत

फाउंडेशन मेकअप का एक अहम हिस्सा है। सही फाउंडेशन का चयन करने से आपका चेहरा निखरा हुआ और चमकदार दिखता है, लेकिन अक्सर महिलाएं सही शेड चुनने में गलती कर देती हैं, जिससे उनका मेकअप बिगड़ सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार टिप्स देंगे, जिनकी मदद से आप अपने लिए सही फाउंडेशन शेड चुन सकती हैं और अपने चेहरे को बेहतरीन लुक दे सकती हैं।

### अपनी त्वचा की रंगत समझें

फाउंडेशन खरीदने से पहले अपनी त्वचा की रंगत को समझना बहुत जरूरी है।त्वचा की रंगत तीन प्रकार (गर्म, ठंडी और सामान्य) की होती है। गर्म रंगत वाली महिलाओं को पीच या ऑरेंज बेस वाले फाउंडेशन शेड्स अच्छे लगते हैं, जबकि ठंडी रंगत वाली महिलाओं को पिंक या ब्लू बेस वाले फाउंडेशन शेड्स पसंद आते हैं।सामान्य रंगत वाली महिलाओं के लिए किसी भी बेस वाला फाउंडेशन शेड अच्छा रहता है।

### प्राकृतिक रोशनी में देखें

फाउंडेशन खरीदते समय हमेशा उसे प्राकृतिक रोशनी में देखकर ही चुनें।दुकान के अंदर की रोशनी में फाउंडेशन का रंग अलग दिख सकता है इसलिए इसे प्राकृतिक रोशनी में देखकर ही तय करें कि कौन सा शेड आपके लिए सही रहेगा।

अपने हाथ पर थोड़ा-सा फाउंडेशन लगाकर देखें और देखें कि वह आपके चेहरे के साथ कैसा दिखता है। इससे आपको सही अंदाजा होगा कि कौन सा शेड आपके लिए उपयुक्त रहेगा।



### हाथ पर आजमाएं

फाउंडेशन का शेड चुनते समय अपने हाथ पर आजमाना भी अहम होता है।

अपने हाथ की त्वचा चेहरे से थोड़ी हल्की होती है इसलिए हाथ पर फाउंडेशन लगाने से पहले थोड़ा-सा आजमाएं ताकि आपको पता चल सके कि कौन सा शेड आपके लिए सही रहेगा।इसे अपने गले या गर्दन पर भी लगा सकते हैं ताकि आपको सही अंदाजा हो सके कि फाउंडेशन आपके चेहरे के साथ कैसा लगेगा।

### मौसम का ध्यान रखें

मौसम भी फाउंडेशन चुनने में अहम भूमिका निभाता है।

गर्मियों में हल्का और पानी जैसा फाउंडेशन बेहतर रहता है क्योंकि यह त्वचा को आराम देता है और लंबे समय तक टिकता है।सर्दियों में भारी और मॉइस्चराइजिंग फाउंडेशन अच्छा रहता है क्योंकि यह त्वचा को नमी देता है और सूखने से बचाता है।

इसके अलावा मौसम के अनुसार फाउंडेशन का शेड भी बदल सकता है, इसलिए हर मौसम के हिसाब से अपने फाउंडेशन का चयन करें।

### अपनी त्वचा के प्रकार को ध्यान में रखें

आपकी त्वचा का प्रकार भी यह तय करता है कि आपको कौन सा फाउंडेशन चुनना चाहिए।अगर आपकी त्वचा तैलीय प्रकार की होती है तो मैट फिनिश वाला फाउंडेशन अच्छा रहेगा जिससे अतिरिक्त तेल कंट्रोल रहेगा।अगर आपकी त्वचा सूखी प्रकार की होती है तो क्रीमी या क्रीम फॉर्मूला फाउंडेशन अच्छा रहेगा,

जिससे आपकी त्वचा को नमी मिलेगी।अगर आपकी त्वचा मिश्रित प्रकार की होती है तो दोनों प्रकार के फाउंडेशन मिलाकर लगा सकते हैं।

## UNSC में पाकिस्तान की फजीहत : भारत-पाक तनाव पर क्लोज़ डोर मीटिंग रही बेनतीजा

इस्लामाबाद (आरएनएस)। बढ़ते भारत-पाकिस्तान तनाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने मंगलवार को बंद कमरे में विशेष क्लोज़ डोर बैठक बुलाई। यह बैठक तब हुई जब महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दोनों परमाणु संपन्न पड़ोसी देशों के बीच हालिया तनाव को सालों में सर्वाधिक और गंभीर मोड़ पर बताया था। गुटेरेस ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 नागरिकों की जान जाने की निंदा करते हुए कहा, नागरिकों को निशाना बनाना स्वीकार्य नहीं। दोषियों को कानून के तहत सजा मिलनी चाहिए। इस नाजुक घड़ी में दोनों देशों को संयम बरतकर सैन्य टकराव से बचना चाहिए और बातचीत के मार्ग पर लौटना चाहिए। बैठक पाकिस्तान के अनुरोध पर सुरक्षा परिषद के 'कंसल्टेशन रूम' में आयोजित की गई, जहाँ कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ और न कोई संयुक्त बयान जारी हुआ। पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने प्रेस वार्ता में कहा कि इस चर्चा ने उनके अधिकतर उद्देश्यों को साकार किया और पाकिस्तान शांति तथा वार्ता का पक्षधर बना रहेगा। भारत के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने टिप्पणी की कि ठोस नतीजों की उम्मीद नहीं थी और यह मंच केवल धारणाएं गढ़ने का अवसर था।

## भारत से लिया पंगा तो पाक हो जाएगा कंगाल, रिपोर्ट जारी कर मूडीज ने किया खबरदार

इस्लामाबाद (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए दुखद आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर तनाव चरम पर है। भारत ने इस हमले पर जिस तरह से सख्त रुख अपनाया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित केंद्रीय गृह मंत्री और रक्षा मंत्री ने 'माकूल कार्रवाई' और 'अंजाम भुगतने' जैसे कड़े बयान दिए हैं, उससे पड़ोसी पाकिस्तान में 'जंग' की आहट महसूस की जा रही है। भारत के इस कड़े रुख से पाकिस्तान की नींद हराम हो गई है और वहां के नेता दुनिया भर में इस तनाव को कम करने की गुहार लगा रहे हैं। इसी बीच, वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी की है। 'भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ता है और कोई सैन्य संघर्ष होता है तो इसका पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर बेहद गंभीर नकारात्मक असर पड़ेगा, जबकि भारत पर इसका प्रभाव काफी सीमित रहेगा। मूडीज की रिपोर्ट के अनुसार, सैन्य टकराव की स्थिति में पाकिस्तान, जो पहले से ही गंभीर आर्थिक संकटों से जूझ रहा है और मुश्किल से अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश कर रहा है, उसे एक बड़ा आर्थिक झटका लगेगा। इससे उसका विदेशी मुद्रा भंडार भारी दबाव में आ सकता है और उसकी आर्थिक वृद्धि दर बुरी तरह प्रभावित हो सकती है।रिपोर्ट में भारत की आर्थिक सेहत पर सीमित असर पड़ने का कारण बताते हुए कहा गया है कि पाकिस्तान के साथ भारत के आर्थिक संबंध बहुत ही मामूली हैं। वर्ष 2024 में भारत के कुल निर्यात में पाकिस्तान की हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत से भी कम रही थी। इसलिए सैन्य तनाव का भारत की आर्थिक गतिविधियों पर कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना नहीं है। गौरतलब है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी।

# ट्रंप प्रशासन का बड़ा ऐलान, अपनी मर्जी से अमेरिका छोड़ने वाले अवैध प्रवासियों को मिलेंगे इतने रुपये



वाशिंगटन,(आरएनएस)। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने घोषणा की है कि स्वेच्छा से अमेरिका छोड़ने वाले अवैध प्रवासियों को 1,000 डॉलर और उनके यात्रा व्यय का भुगतान करेगा। ऐसा इसलिए ताकि सामूहिक निर्वासन को बढ़ावा दिया जा सके। होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने एक बयान के जरिए इसकी जानकारी दी। कहा, डीएचएस ने अवैध विदेशियों के लिए सीबीपी (सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा) होम ऐप के माध्यम से अपने देश वापस यात्रा करने के लिए वित्तीय और यात्रा सहायता प्राप्त करने के लिए एक ऐतिहासिक अवसर प्रदान करने का ऐलान किया है। कोई भी अवैध विदेशी जो स्व-निर्वासन के लिए सीबीपी होम ऐप का उपयोग करता है, उसे 1,000 डॉलर का स्टाइपेंड (वजीफा) भी मिलेगा, जिसका भुगतान उनके स्वदेश लौटने की पुष्टि (ऐप के जरिए) होने के बाद किया जाएगा।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने विभाग के हवाले से बताया कि 'स्टाइपेंड' की लागत के बावजूद, यह अनुमान लगाया गया है कि ऐप का उपयोग करके स्व-निर्वासन से निर्वासन की लागत में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आएगी। वर्तमान में एक अवैध विदेशी को गिरफ्तार करने, हिरासत में लेने और निकालने की औसत लागत 17,121 डॉलर है। होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा, यदि आप अवैध रूप से यहां हैं, तो स्व-निर्वासन गिरफ्तारी से बचने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका छोड़ने का सबसे अच्छा, सबसे सुरक्षित और सबसे किफायती तरीका है।

मिशिगन में हाल ही में एक रैली में भाषण देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनके कार्यकाल के पहले 100 दिन इतिहास में किसी भी अमेरिकी प्रशासन के सबसे सफल दिन थे। ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों के निर्वासन में वृद्धि जैसी नीतियों को अपनी प्रमुख उपलब्धियों में से एक बताया था। ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन द्वारा प्रकाशित एक हालिया विश्लेषण के अनुसार, एक क्षेत्र जहां प्रशासन अपने प्रवर्तन लक्ष्यों को पूरा करने में विफल होता दिख रहा है, वह निर्वासन की संख्या है।


## न्यूजीलैंड में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन की उठी मांग, सांसद कैथरीन वेड ने रखा प्रस्ताव

वेलिंगटन ,(आरएनएस)। न्यूजीलैंड की सांसद कैथरीन वेड ने एक कानून का प्रस्ताव रखा है, ये 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया इस्तेमाल करने से रोकेगा। यह प्रस्ताव ऑस्ट्रेलिया के सख्त डिजिटल प्लेटफॉर्म नियमों का अनुसरण करता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, न्यूजीलैंड नेशनल पार्टी की सांसद कैथरीन वेड ने सदस्य विधेयक पेश किया है, जिसके तहत सोशल मीडिया कंपनियों पर उपयोगकर्ताओं की उम्र सत्यापित करने और नाबालिगों को अकाउंट बनाने से रोकने की जिम्मेदारी होगी।रेडियो न्यूजीलैंड के अनुसार, नियम न मानने वाली कंपनियों पर जुर्माना लग सकता है और उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता कम से कम 16 साल के हों। वेड ने कहा, मेरा सोशल मीडिया आयु-उपयुक्त उपयोगकर्ता बिल 16 साल से कम उम्र के बच्चों को साइबर बुलिंग, अनुचित सामग्री और सोशल मीडिया की लत से बचाने के लिए है।इस विधेयक का समर्थन प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने किया है। उन्होंने कहा कि वे इसे सरकारी बिल के रूप में अपनाने के लिए तैयार हैं, यह एक ऐसा कदम है जो संसद के माध्यम से इसकी प्रगति को तेज करेगा। लक्सन ने कहा, यह राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि न्यूजीलैंड का मुद्दा है और वे सभी दलों का समर्थन चाहते हैं।

न्यूजीलैंड का प्रस्तावित कानून ऑस्ट्रेलिया में लागू कानून पर आधारित है। अगर यह पास होता है, तो कुछ प्लेटफॉर्म्स को आयु-प्रतिबंधित घोषित किया जा सकेगा और कानून लागू होने के तीन साल बाद इसके प्रभाव की समीक्षा होगी।

## 71 देशों के 133 कार्डिनल में से नए पोप का चुनाव, बुधवार से कान्क्लेव होगी शुरु

वेटिकन सिटी,(ए)। नए पोप के चुनाव के लिए बुधवार यानी 7 मई से कान्क्लेव शुरू होगी। ऐसा कोई नियम नहीं है कि कार्डिनल राष्ट्रीयता या क्षेत्र के हिसाब से मतदान करें, लेकिन भौगोलिक लिहाज से उनके दृष्टिकोण को समझने से उनकी प्राथमिकताएं पता चलती हैं। दुनियाभर के



140 करोड़ कैथोलिक के नए पोप का चुनाव भौगोलिक विविधता के लिहाज से ऐतिहासिक होगा।

फिलहाल 71 देशों में 80 साल से कम उम्र के 135 कार्डिनल हैं, जिनमें से दो ने स्वास्थ्य कारणों के चलते मतदान से इन्कार कर दिया है। अब 133 कार्डिनल चुनाव में पहुंचेंगे और बहुमत के लिए दो-तिहाई यानी 89 वोट की जरूरत होगी। इटली में सर्वाधिक 17 कार्डिनल हैं, अमेरिका (10), ब्राजील (7), फ्रांस और स्पेन (5), अर्जेंटीना, कनाडा, भारत, पोलैंड और पुर्तगाल में चार-चार कार्डिनल हैं। अब इन्हें क्षेत्र के मुताबिक अलग किया जाए, तो वेटिकन के आंकड़ों के मुताबिक यूरोप के 53 कार्डिनल हैं और एक के बीमार होने से मतदान में 52 हिस्सा लेंगे। इसके बाद एशिया से 23, अफ्रीका के 18 में एक तबीयत खराब होने से 17, दक्षिण अमेरिका के 17, उत्तरी अमेरिका के 16, मध्य अमेरिका के चार और ओसियनिया के चार कार्डिनल हैं।

## देशद्रोह के बाद अब वकील की हत्या के आरोप में चिन्मय दास गिरफ्तार

### -अभी हाल ही में हाई कोर्ट से मिली थी जमानत

ढाका,(ए)। बांग्लादेश में इस्कॉन के पूर्व पुजारी और संत चिन्मय कृष्ण दास की परेशानियां कम नहीं हो रही हैं। देशद्रोह के मामले में हाई कोर्ट से मिली जमानत के कुछ ही दिन बाद ही उन्हें अब एक वकील की हत्या के आरोप में फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। चटगांव की एक कोर्ट ने सोमवार को चिन्मय दास की गिरफ्तारी को मंजूरी दी। मामला वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की पिछले साल कोर्ट परिसर के बाहर हुई हत्या से जुड़ा है। पुलिस ने इस मामले में चिन्मय दास की संलिप्तता के सबूतों का हवाला देते हुए गिरफ्तारी की मांग की थी। बता दें पिछले साल 25 नवंबर 2024 को उन्हें देशद्रोह के आरोप में ढाका एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। आरोप था कि उन्होंने बांग्लादेश की सरकार और इस्लाम धर्म के खिलाफ भड़काऊ बयान दिए थे। इस मामले में बांग्लादेश हाईकोर्ट ने उन्हें हाल ही में जमानत दी थी, लेकिन उसी दिन सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय प्रभाग ने उस आदेश पर रोक लगा दी थी।

## बांग्लादेश में आम चुनाव की हलचल के बीच हसीना की पार्टी पर बैन लगाने की मांग उठी



ढाका,(ए)। बांग्लादेश में चुनावी राजनीति की दिशा तेजी से बदल रही है। भले ही चुनाव की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन विभिन्न राजनीतिक दलों और नए उभरते संगठनों की सक्रियता से यह संकेत मिल रहे हैं कि आगामी चुनाव के लिए गतिविधियाँ तेज हो चुकी हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस का अनुमान है कि आम चुनाव दिसंबर 2025 या जनवरी 2026 में हो सकते हैं।शेख हसीना की पार्टी, अवामी लीग, और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी करने में जुट चुकी हैं। इन दोनों दलों के अलावा, नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) भी चुनावी परिदृश्य में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए सक्रिय हो गई है। हालांकि, इस बार बांग्लादेश की चुनावी राजनीति में एक नया मोड़ आया है। एनसीपी, जो छात्र आंदोलनों से उभरकर सामने आई है, ने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि जब तक अवामी लीग पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता और चुनावी प्रणाली में सुधार नहीं होते, तब तक वे इस चुनाव को वैध नहीं मानेंगे। एनसीपी के दक्षिण क्षेत्र प्रमुख हसनत अब्दुल्ला का कहना है, कि हम अवामी लीग पर प्रतिबंध और चुनावी सुधार दोनों पर समानांतर रूप से काम कर रहे हैं।इसके साथ ही, यह पार्टी ग्रामीण इलाकों और कॉलेज परिसरों में तेजी से अपनी पकड़ बना रही है और आगामी चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाने का दावा करती दिख रही है।

**खेल समाचार**

# सीएसके को हराकर प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी केकेआर

## शाम 7.30 बजे से शुरु होगा मुकाबला

कोलकाता (ए)। आईपीएल में बुधवार को यहां के ईडन गार्डन्स मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज कर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदे बनाये रखने के लिए उतरेगी। केकेसार के अभी 11 अंक हैं और अगले तीनों मैच में जीतने पर उसके 17 अंक हो जाएंगे हालांकि इसके बाद भी उसकी प्लेऑफ में जगह पक्की नहीं है, ऐसे में उसे नेट रन रेट भी बेहतर रखना होगा। ऐसे में केकेआर इसे मैच में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। वहीं सीएसके की टीम पहले ही प्लेऑफ से बाहर हो गयी है , ऐसे में वह बिना किसी दबाव के खेलेगी। केकेआर को इस सत्र में अपने घरेलू मैदान पर अधिकतर हार का सामना करना पड़ा है जिसका भी लाभ उठाना चाहेगी सीएसके। इसके अलावा सीएसके का लक्ष्य में इस मैच में अपने युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजरें बनाये रखना रहेगा। ये मैच सीएसक के कप्तान धोनी का इस ऐतिहासिक मैदान पर अंतिम मैच हो सकता है। ऐसे में वह प्रशंसकों के आकर्षण का केन्द रहेंगे। ईडन गार्डन्स धोनी की कई उपलब्धियों का गवाह भी रहा है जिनमें प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहला शतक और टेस्ट क्रिकेट में दो शतक भी शामिल हैं। उन्होंने यहां क्लब क्रिकेट भी खेला है। धोनी का प्रदर्शन अब पहले की तरह आकर्षक नहीं रहा है हालांक उनके चाहने वालों का उनके साथ भावनात्मक लगाव है




और इसलिए वे बड़ी संख्या में यहां पहुंच सकते हैं। चेन्नई की टीम पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से दो रन से हार गई थी। धोनी ने इस मैच में आठ गेंद पर 12 रन बनाए लेकिन वह अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर आउट हो गए जिससे चेन्नई की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई थी। धोनी ने मैच के बाद हार की जिम्मेदारी ली थी।

वहीं केकेआर को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक रन से जीत मिली थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा और वह इस सिलसिले को बनाये रखना चाहेगी। केकेआर को अगर इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### दोनो ही टीम इस प्रकार है

कोलकाता नाइट राइडर्स: अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

चेन्नई सुपर किंग्स: महेन्द्र सिंह धोनी (कप्तान, विकेटकीपर), शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, अंशुल कंबोज, आर अश्विन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, जेमी ओवरटन, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, श्रेयस गोपाल, डेवोन कॉनवे, रचिन रवींद्र, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, सी आंद्रे सिद्धार्थ, वंश बेदी।

## बारिश में धुला दिल्ली और हैदराबाद का मैच, फंसा प्लेऑफ का पेंच

हैदराबाद(ए)। आईपीएल 2025 के 55वें मैच में आज सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स की टक्कर देखने को मिली लेकिन यह धमाकेदार टक्कर पूरी नहीं हो पाई क्योंकि हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम खेला गया ये मैच भारी बारिश की भेंट चढ़ गया. अंपायर द्वारा काफी इंतजार करने बाद मैच को रद्द कर दिया गया. ये मैच बेनतीजा रहा और दोनों टीमों के 1-1 अंक मिल गया.

इस मैच में 1 अंक हासिल करने के बाद भी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का प्लेऑफ का सफर खत्म हो गया है. हैदराबाद की टीम आधिकारिक तौर पर आईपीएल 2025 के प्लेऑफ से बाहर हो चुकी है. टीम के 11 मैचों के बाद कुल 7 अंक है जिसमें तीन जीत एक बेनतीजा मैच और 7 हार मौजूद हैं. हैदराबाद इस समय अंक तालिका में 8वें स्थान पर हैं.दिल्ली कैपिटल्स इस मैच को नहीं जीत पाई और उसे 1 अंक मिला. इस एक अंक ने भी दिल्ली कैपिटल्स के लिए रास्ता पेचीदा कर दिया है. दिल्ली के 11 मैचों के बाद 6 जीत और 4 हार व एक बेनतीजा मैच के साथ कुल 13 प्वाइंट्स हैं. अब दिल्ली को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए आने वाले 3 मैचों में से हर हाल में 2 मैच जीतने होंगे. ऐसा करने से टीम के 17 प्वाइंट्स हो जाएंगे और वो प्लेऑफ में पहुंच सकती है. दिल्ली इस समय अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है.

इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 133 रन बनाए. टीम के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने 36 बॉल में 4 चौकों की मदद से 41 रनों की पारी खेली. आशुतोष शर्मा ने 26 बॉल में 2 चौके और 3 छक्कों की मदद से 41 रनों की पारी खेली. दिल्ली की पारी के अंत के बाद बारिश आई और मैच दोबारा शुरू नहीं हो पाया.

## मुंबई इंडियंस का पूर्व क्रिकेट दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए)। मुंबई इंडियंस टीम का एक पूर्व क्रिकेटर रेप मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस क्रिकेटर का नाम शिवालिक शर्मा है। उसकी एक दोस्त ने ही उसपर रेप का ये आरोप लगाया है। दोनों ने प्यार के बाद सगाई भी की थी पर लेकिन इसके बाद शिवालिक शर्मा पर धोखा देने का आरोप है। शिवालिक ने बड़ौदा की टीम में हार्दिक पांड्या और



क्रुणाल पांड्या के साथ भी खेला है। उसने बड़ौदा के लिए घरेलू क्रिकेट में 50 से ज्यादा मुकाबले खेले हैं। पुलिस के अनुसार एक युवती की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट के बाद पुलिस ने शिवालिक को गुजरात में वडोदरा के अटलादरा थाना क्षेत्र से शनिवार को गिरफ्तार किया और जोधपुर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिवालिक वडोदरा के रहने वाले हैं और मुंबई इंडियंस की टीम में आईपीएल 2024 के दौरान शामिल थे। हालांकि, उनको एक भी मैच में खेलने का अवसर नहीं मिल पाया था। इस क्रिकेटर को तब 20 लाख रुपये में आईपीएल नीलामी में मुम्बई ने खरीदा था।

रिपोर्ट में पीड़िता ने कहा है कि सोशल मीडिया के जरिए उसकी शिवालिक से दोस्ती हुई जो बाद में नजदीकियों में बदल गई। इसके बाद कई बार शिवालिक जोधपुर भी आया और उसने पीड़िता को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। ये भी कहा गया है कि शिवालिक ने युवती के साथ सगाई भी की थी। बाद में शिवालिक के परिवार ने इसे तोड़ दिया और वे नया रिश्ता खोजने लगे। इससे तंग आकर युवती ने उसकी शिकायत कर दी।

# प्लेऑफ के लिए शीर्ष चार की दौड़ में शामिल हैं ये टीमें

### अब तक तीन टीमें हुई हैं बाहर

मुम्बई (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस 18 वें सत्र में तीन टीमें जहां प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी हैं। वहीं शीर्ष चार स्थान के लिए सात टीमें दौड़ में हैं। इस साल का मुकाबला अपने अंतिम चरण में है। जहां सनराइजर्स राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी हैं। वहीं सात अन्य टीमें शीर्ष चार की दौड़ में बरकरार हैं। इसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस, मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स की टीम शामिल है।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) प्लेऑफ में जगह बनाने की सबसे प्रबल दावेदार है। आरसीबी के अभी 11 मैच के बाद 16 अंक हैं और उसका नेट रन रेट~ 0.482 है। उसे अभी लखनऊ सुपरजायंटस , सनराइजर्स हैदराबाद और केकेआर से खेलना है और शीर्ष 4 में जगह बनाने के लिए केवल एक जीत की जरुरत है। है।

### पंजाब किंग्स

मैच: 11, अंक: 15, नेट रन रेट: 0.376

बचे मैच: डीसी , एमआई , आरआर

पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के 11 मैचों में 15 अंक हैं और उसका नेट रन रेट: 0.376 है। प्लेऑफ में पहुंचने उसे अगले तीन मैचों में से दो मैच जीतने होंगे। वही अपने बाकी मैचों में से केवल एक जीतकर भी प्रवेश हासिल कर सकती है पर इसके लिए उसे अन्य टीमों के परिणामों पर आधारित रहना होगा।

### मुंबई इंडियंस

मैच: 11, अंक: 14, नेट रन रेट: 1.124

बचे मैच: जीटी , पीबीकेएस , डीसी

मुंबई इंडियंस (एमआई) टीम ने 11 मैचों में 14 अंक हासिल किए हैं , उसका हैं नेट रन रेट: 1.124

उसे प्लेऑफ में जगह बनाने 3 मैचों में से 2 जीतने होंगे

### गुजरात टाइटंस

मैच: 10, अंक: 14, नेट रन रेट: 0.867

बचे मैच: एमआई , डीसी , एलएसजी , सीएसके



गुजरात टाइटंस (जीटी) ने अभी तक सिर्फ 10 मैच खेले हैं। उनके पास 14 अंक हैं और नेट रन रेट: 0.867 है।

उसे शीर्ष 4 में जगह बनाने के लिए बाकी 4 मैचों में से सिर्फ 2 जीतने हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स का आईपीएल प्लेऑफ समीकरण

मैच:11, अंक: 13, नेट रन रेट: 0.362

बचे मैच: पीबीकेएस, जीटी, एमआई

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। इससे डीसी के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अभी समाप्त नहीं हुई हैं पर अभी अपने बाकी 3 मैचों में से कम से कम 2 जीतने होंगे। उसके 11 मैचों में 13 अंक हैं।

### कोलकाता नाइटराइडर्स

कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर ) को अपने बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। इससे उनके 14 मैचों में 17 अंक हो जाएंगे। लेकिन यह भी काफी नहीं हो सकता है। ऐसे में उनकी किस्मत नेट रन रेट और दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर करेगी।

### लखनऊ सुपर जायंट्स

लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आगे की राह बेहद कठिन है। अबर वह अपने बाकी 3 मैचों में जीत भी ले तो उसके 16 अंक ही होंगे। ऐसे में उसका क्वालीफाई करना पूरी तरह से दूसरे परिणामों पर निर्भर करेगा। सभी टॉप-7 की टीमों को टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी सीएसके, आरआर और एसआरएच के साथ खेलना है। ऐसे में ये तीन टीम इनका समीकरण बिगाड़ सकती हैं।

## गुजरात टाइटंस के लिए आई बड़ी खुशखबरी

नई दिल्ली,(ए)। गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा की वापसी के बारे में स्थिति स्पष्ट कर दी है। उन्होंने कहा है कि, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना अस्थायी निलंबन पूरा कर लिया है और वह मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुजरात टाइटंस के अगले मैच के लिए उपलब्ध होंगे।

दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को नशीली दवा लेने के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया था। अप्रैल में वह फ्रेंचाइजी के लिए कुछ मैच खेलने के बाद घर लौट आए और कहा गया कि वह उस समय व्यक्तिगत कारणों से वापस लौटे थे। हालांकि तेज गेंदबाज ने हाल ही में खुलासा किया कि उन्हें मंगलवार को नशीली दवा लेने का दोषी पाया गया और उन्हें अस्थायी निलंबन दिया गया। जीटी के निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, जहां तक कल के मैच का सवाल है तो बात यह है कि पिछले एक महीने में लिए गए सभी निर्णयों और जो कुछ भी हुआ है, उसे देखते हुए वह अब उपलब्ध हैं. दूसरी बात जो मैं रिकॉर्ड पर रखना चाहता हूं वह यह है कि जहां तक प्रक्रिया और प्रोटोकॉल का सवाल है. इस प्रकरण में शामिल सभी लोग कैगिसो से लेकर उनके प्रतिनिधि सभी मामलों में जहां तक आवश्यकताओं का पालन किया गया है. हम कगिसो के इर्द-गिर्द भावनाओं के प्रति भी सचेत रहने की कोशिश करते हैं. लेकिन यह सब कहने के बाद, वह अब समय, प्रतिबंध 30 दिनों के निलंबन की सजा पूरी कर वापस आ गया है. जीटी वर्तमान में आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में आगे बढ़ने की मजबूत स्थिति में है. वो 10 मुकाबलों में सात जीत और तीन हार के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर हैं. वह अब दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए भी उपलब्ध होंगे जो अगले महीने खेला जाना है. 29 वर्षीय यह खिलाड़ी 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में 19.97 की गेंदबाजी औसत के साथ 47 विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका का सबसे अधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज था।

## कला संकाय में हितिश दुबे ने 12वी बोर्ड में प्राप्त किए 94.8 प्रतिशत अंक

### माता-पिता एवं जिले का नाम रोशन किया



नर्मदापुरम (निप्र)। आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा निःशुल्क कोचिंग क्लासेस जिला सीहोर के शिक्षकों के संपर्क में क्लास नवी मे आने वाले हितिश दुबे ने लगातार निगरानी में ईमानदारी से मेहनत की और माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित परिणाम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर जिले एवं परिवार का नाम रोशन किया। उन्होंने कक्षा 12वीं बोर्ड में कला संकाय में 94.08 प्रतिशत अंक हांसिल किए हैं। आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा निःशुल्क कोचिंग क्लासेस यूपीएससी एवं एमपीपीएससी का धैय रहा है सीखो और सिखाओ। इसी मॉडल के तहत अध्ययन करके जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हितिश दुबे पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणिक कार्य भी निःशुल्क करते रहे हैं। आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के सहयोग से जिला मुख्यालय सीहोर के लाइब्रेरी भवन, टाउन हॉल में संचालित निःशुल्क कोचिंग क्लासेस में सीखो और सिखाओ मॉडल आधारित निःशुल्क कक्षाएं संचालित होती है। जिसमें विद्यार्थी स्वयं सीखते हैं और दूसरों को सिखाते हैं। इसके तहत निरंतर सीख कर विद्यार्थियों को सिखाने वाले ऐसे ही होनहार विद्यार्थी हितेश दुबे पुत्र राजेश दुबे और श्रीमती संगीता दुबे ने सीहोर जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी की 12वीं परीक्षा में कला संकाय में 94.08 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा, शिक्षकों, बहन सलोनी और अपने माता-पिता, को दिया है। हितेश बताते हैं कि पढ़कर पढ़ाने से रिवीजन में बहुत अधिक मदद मिली। अध्ययन का यह एक बेहतरीन तरीका है।

# 12वीं, 10वीं एमपी बोर्ड में समेरिटंस विद्यालय फिर अव्वल, जुमेराती, माखननगर के परिणाम शत-प्रतिशत

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मंगलवार को जारी कक्षा 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा परिणामों में एक बार फिर समेरिटंस ग्रुप के बच्चों ने प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। दोनों विद्यालयों में दोनों कक्षाओं 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शत.प्रतिषत रहे। परिणाम घोषित होते हुए बच्चे विद्यालयों में पहुंचे और खुशि यां मनाईं। शिक्षक.शिक्षिकाओं ने बच्चों को मिठाई खिलाई और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्राचार्य और शि क्षकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शि क्षकों के परिश्रम और बच्चों की मेहनत रंग लाई। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि समेरिटंस ही अव्वल है।



AASTHA KAITHWAS 94.8% | PRIYA MEENA 91.6% | PRIYANSHI MEENA 91.6% | DISHA MEENA 89% | SOM CHOUDHARY 88%

YASHI YADAV 95.20% | PRATIGYA RAJPUT 89.60 % | NAMAN SAHU 89.20% | SADHNA YADAV 89 % | ANSHIKA MEENA 87.40%

### समेरिटंस विद्यालय जुमेराती

कक्षा 10वीं :- प्राचार्य श्रीमती निधि दुबे और परीक्षा प्रभारी आरके रघुवंशी ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में कुल 30 बच्चे सम्मिलित हुएए इनमें से 13 बालक और 17 बालिकाएं थीं। विद्यालय के 25 बच्चे प्रथम श्रेणीए 3 बच्चे द्वितीय श्रेण में उत्तीर्ण रहेए जबकि दो बच्चों को पूरक आई है। विद्यालय के 9 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए।

**टॉपर** :- लक्ष्मी पटवा 97 प्रतिशत

मेहती गौर 95 प्रतिशत, जयश्री द्विवेदी 93.6 प्रतिशत, प्रियांशी बाथरी 93.6 प्रतिशत

**कक्षा 12वीं :-**

परीक्षा कुल 27 बच्चे सम्मिलित हुए। इनमें 15 बालक और 12 बालिकाएं थीं। परिणाम शत.प्रतिशत रहा। 2 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिकए 10 बच्चों ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**टॉपर** :- विज्ञान संकाय , आर्या गुप्ता. 90 प्रतिशत, रूपल गौर 90.8 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय ., रौनक शर्मा 89 प्रतिशत, योगेष्वरी 88 प्रतिशत

### समेरिटंस विद्यालय माखननगर

कक्षा 10वीं : प्राचार्य श्रीमती जागृति सिंह ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में कुल 40 बच्चे सम्मिलित हुए इनमें से 18 बालक और 22 बालिकाएं थीं। विद्यालय के 28 बच्चे प्रथम श्रेणी 9 बच्चे द्वितीय श्रेण में उत्तीर्ण रहे। जबकि 3 बच्चे तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

**टॉपर** :- यशी यादव 95.20 प्रतिशत, प्रगति राजपूत 89.6 प्रतिशत, नमन साहू 89.2 प्रतिशत, साधना यादव 89 प्रतिशत, अंशिका मीना 87.4 प्रतिशत

**कक्षा 12वीं** :- परीक्षा कुल 27 बच्चे सम्मिलित हुए। इनमें 15 बालक और 12 बालिकाएं थीं। परिणाम शत.प्रतिशत रहा। 2 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक 10 बच्चों ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**टॉपर**

वणिज्य संकाय, आस्था कैथवास 94.8 प्रतिशत, प्रिया मीना 91.6 प्रतिशत, विज्ञान संकाय., प्रियांशी मीना 91.6 प्रतिशत, दिशामीना 89 प्रतिशत, सोम चौधरी 88 प्रतिशत , सोनम नायर 88 प्रतिशत ,सार्थक मीना 87 प्रतिशत

### समेरिटन्स माखन नगर की छात्रा आस्थ जिले में दूसरे स्थान पर

नर्मदापुरम। माखन नगर। समेरिटन्स विद्यालय आञ्जनेय परिसर माखन नगर की छात्रा आस्था केथवास वाणिज्य संकाय में जिले की मेरिट लिस्ट में दूसरे स्थान पर रही। यह समेरिटन्स के लिए गौरव की बात है।

### चमक अभियान से शासकीय स्कूलों के परिणाम में हुई वृद्धि

# विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों और परिजनों के मार्गदर्शन के समन्वित प्रयास से बोर्ड परीक्षा के परिणाम बीते वर्ष से रहे बेहतर

### कक्षा 10वीं 12वीं परीक्षा के परिणाम घोषित हुए, बीते वर्ष से इस वर्ष का परिणाम ज्यादा बेहतर रहा

नर्मदापुरम(निप्र)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी परीक्षा 2024.25 के परिणाम मंगलवार को जारी किये गये। नर्मदापुरम जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस वर्ष बीते वर्ष से अच्छे रहे। शासकीय विद्यालयो का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष 86.66 जो पिछले वर्ष की परिणाम 56.83 से 28 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम 83.06 रहा जो पिछले वर्ष के परीक्षा परिणाम 68.25 से 15 प्रतिशत अधिक रहा। यह परीक्षा परिणाम पिछले 5 वर्ष के परीक्षा परिणाम में सबसे अधिक हैं जिला प्रशासन से कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी समस्त प्राचार्य शिक्षकों एवं प्राविण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिये बधाई ज्ञापित की है। इस वर्ष चमक अभियान संचालित किया गया था। जिसके अंतर्गत जिले के समस्त विषयों के उत्कृष्ट शिक्षकों का एक समूह बनाकर सभी प्राचार्यों को प्रति दिवस परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न भेजे जाते थे तथा प्राचार्यों द्वारा प्रति दिवस इन प्रश्नों के उत्तरों का अभ्यास विद्यार्थियों के द्वारा कराया जाता था। इसकी मोनिटरिंग भी इन विषय विशेषज्ञों शिक्षकों के द्वारा निरंतर की जाती रही। जो विद्यार्थी प्रति दिवस इन प्रश्नों के उत्तर याद कर अच्छा प्रदर्शन करते वे उन छात्रों को प्राचार्यों के द्वारा पुरस्कृत भी किया जाता था।जिले के सांसदों एवं सभी विधायकों द्वारा जिले के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुये जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग को बधाई दी गई है।

## सहयोग विशेष आवासीय विद्यालय, दृष्टिबाधितार्थ के दृष्टिबाधित विद्यार्थियों का दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

### सभी बच्चों ने प्रथम श्रेणी में सफल होने का रचा कीर्तिमान




नर्मदापुरम (निप्र)। रसूलिया रोड भोपाल तिराहा स्थित सहयोग विशेष आवासीय विद्यालय ;दृष्टिबाधितार्थ के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी चुनौती असंभव नहीं है। इस वर्ष विद्यालय के सभी छात्र.छात्राओं ने दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत. प्रतिशत सफलता अर्जित की है। कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान रश्मि काकोडिया. 72.6:, द्वितीय स्थान रीना ऊईके 60: तथा तृतीय स्थान मीना ऊईके 65.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं कक्षा बारहवी में प्रथम स्थान निकिता मालवीय 81.6 द्वितीय स्थान आयुषी सराठे 74.6 तथा तृतीय स्थान गायत्री मलैया 79.4 ने प्राप्त किया साथ ही सुभाष कटारे 70.4: लीला पराची 74.6: विपाशा ऊईके 72.6: ने भी अपने उत्कृष्ट परिणाम से विद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊँचाइयों पर पहुँचाया।विद्यालय के संचालक डॉ आशीष चटर्जी एवं सुभाशीष चटर्जी प्राचार्या एवं समस्त शाला परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ दीं।

साथ ही उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए भी आभार प्रकट किया जिन्होंने विद्यार्थियों का हर कदम पर मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन किया। यह सफलता न केवल विद्यार्थियों के आत्मबल की प्रतीक है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देती है कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चे भी यदि उचित अवसर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सहयोग प्राप्त करें तो वे असाधारण उपलब्धियाँ हासिल कर सकते हैं।

# कायाकल्प अभियान के तहत बन रही वार्ड 31 में नई सड़क

## नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने किया निरीक्षण

नर्मदापुरम( निप्र)। नगर में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। वार्ड 31 में पार्षद नरेंद्र पटेल के वार्ड में बन रही कायाकल्प अभियान के तहत नई सड़क का मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेद्र यादव निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को सड़क को गुणवत्तापूर्ण बनाने तथा समय पर कार्य पूर्ण के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने गर्मी के मौसम के चलते समय.समय पर तराई करने के निर्देश भी निर्माण एजेंसी को दिए गए हैं। उक्त सड़क बजरंग चौक से एसपीएम पुलिया बताई बनाई जा रही है। वार्ड 31 में निरीक्षण के दौरान बन रही गुणवत्तापूर्ण सड़क को लेकर वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि यह पहलीबार है कि इतनी मजबूत और चौड़ी सड़क बनाई जा रही है। सड़क का निरीक्षण करते समय वार्ड पार्षद नरेंद्र पटेलए वार्ड 33 की पार्षद वंदना चुटीले के साथ ही वार्डवासी चेतन सोनबड़ेए सुधीर बग्गनए विक्की रितेश चौहानए प्रकाश चौहान आदि उपस्थित रहे।

### वार्ड 33 के निर्माण कार्यों का जायजा लिया

वार्ड 33 में बनी सड़कों का नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा वार्ड पार्षद वंदना चुटीले के साथ निरीक्षण किया गया। इस दौरान संजय नगर स्थित नाले की साफ सफाई की स्थिति देख बारिश पूर्व उसकी साफ सफाई करवाने की बात कहीं। वार्डवासियों ने वार्ड में नाली निर्माण की मांग की गई। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव के निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद वंदना चुटीलेए वार्ड 31 के पार्षद नरेंद्र पटेलए वार्ड 30 की पार्षद रेखा यादवए अखिलेश व्यासए अमन चुटीलेए गोविंद गौरए मोहनलाल साहू आदि उपस्थित थे। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने वार्डवासियों से कहा कि हमारी परिषद द्वारा सबका साथए सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य कर रही है। नगर के सभी वार्डों में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सभी वार्डवासियों से आग्रह है कि नाले नालियों से अतिक्रमण हटाकर स्वच्छता अभियान में सहयोग करें। कचरा यहां वहां न फैंके। घरों और दुकानों में डस्टबिन रखें तथा कचरा वाहन आने पर कचरा उसी में डालें।

### आदिवासी ग्राम गोंची तरोंदा का शत-प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम

**सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण — केसला ब्लॉक में रचा गया इतिहास**

नर्मदापुरम( निप्र)। केसला ब्लॉक के आदिवासी अंचल स्थित शासकीय हाई स्कूल, गोंची तरोंदा ने इस वर्ष की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में अभूतपूर्व उपलब्धि दर्ज करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम के साथ सभी विद्यार्थियों को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कराया है। यह उपलब्धि लगातार तीसरे वर्ष मिली है, जिससे विद्यालय ने सफलता की हैट्रिक बना ली है।विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. अभ्यंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कक्षा 10वीं में कुल 17 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से सभी 17 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और खास बात यह रही कि सभी ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इस परीक्षा में सर्वाधिक अंक 90त्न रहे, जो विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों की गुणवत्ता को दर्शाते हैं।केसला ब्लॉक के इस विद्यालय का यह परिणाम जिले ही नहीं, पूरे नर्मदापुरम संभाग के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

# श्रीमती सोना मेमोरियल स्कूल के छात्र सौम्य चौरे रहे अव्वल



नर्मदापुरम (निप्र)। रसूलिया स्थित जिला मुख्यालय के प्रतिष्ठित स्कूल श्रीमती सोना मेमोरियल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12 वी कला संकाय के छात्र सौम्य चौरे आत्मज प्रदीप कुमार चौरे ने कुल 500 में से 451 अंक 90.2 प्रतिशत हासिल करते हुए जिले में अव्वल रहे। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने पिता प्रदीप कुमार चौरे माता श्रीमती मनीषा चौरे व स्कूल के प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं को देते हुए बताया कि उन्होंने लगन से पढाई करते हुए अपने गुरूजनों परिजनों के मार्गदर्शन में की है। इस सफलता पर स्कूल के प्राचार्य एमएम गौर स्कूल स्टाफ तथा परिजनों परिचितों ने शुभकामनाएं दी है।

## दिव्यांगजन कल्याण हेतु "सक्षम" प्रतिनिधिमंडल ने की कलेक्टर सोनिया मीना से भेंट,विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा



नर्मदापुरम (निप्र)। मंगलवार को समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. आशीष चटर्जी के नेतृत्व में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना से भेंट कर दिव्यांगजन कल्याण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर सुश्री मीना से नर्मदापुरम जिले में दिव्यांग सेवा केंद्र प्रारंभ करने हेतु शासकीय भवन उपलब्ध कराने का निवेदन किया, जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र ही भवन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर भी उपस्थित रहीं।

सक्षम प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिले में पूर्व में संचालित अटल बाल पालक समूह के सदस्यों को जोड़ते हुए सामूहिक दिव्यांग विवाह एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा गया। कलेक्टर ने इस प्रस्ताव को सराहते हुए समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए।मेडिकल बोर्ड के आयोजन के समय सक्षम के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों को सहायता प्रदान करने के सुझाव का स्वागत किया गया। साथ ही सक्षम प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिला अस्पताल में आई कलेक्शन सेंटर स्थापित करने के निवेदन पर भी कलेक्टर ने विचार कर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए आश्वस्त किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय एवं सेठानी घाट को दिव्यांगजनों के लिए बाधारहित बनाने का निवेदन भी किया। सभी विषयों पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए सक्षम के साथ समन्वय में कार्य करने का आश्वासन दिया तथा दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में सक्षम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।


### जिले में गेहूं खरीदी कार्य सुचारु रूप से जारी

**35138 किसानों से 380320.2 मीट्रिक टन गेहूं का हुआ उपार्जन**

नर्मदापुरम (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में 15 मार्च से जिले के ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत 64988 किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा है। आज दिनांक को 4486.8 मे.ट स्कंद का उपार्जन हुआ।जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में स्थापित 171 उपार्जन केन्द्रों पर आज दिनांक तक कुल 41760 किसानों के द्वारा अपना स्लॉट बुक किया गया है जिनमे से 168 केंद्रों पर 35138 किसानों से 380320.2 मीट्रिक टन की खरीदी की जा चुकी है। जिसकी भुगतान योग्य राशि 988.8 करोड़ है। जिसके विरुद्ध 913.10करोड़ रुपए की राशि भुगतान हेतु बैंको को ट्रांसफर की गई है।

# जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

## अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर डी.के.सिंह तथा डिप्टी कलेक्टर संपदा शराफ़ ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए 74 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिला मुख्यालय के साथ ही तहसील एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। मंगलवार को जनसुनवाई में आए अन्ना खताविया निवासी बागरा-रोड तालाब मोहल्ला माखन नगर, नर्मदापुरम ने आवेदन देते हुए बताया के उनके जमीन का पट्टा बनवाने के लिए आवेदन दिया गया था ,परन्तु आज दिनांक तक पट्टा बनने की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिसकी वजह से उन्हे परेशानी हो रही है, उन्होंने जल्द से जल्द पट्टा प्रदान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। एक अन्य मामले में अशोक कुमार निवासी ग्राम-मनवाड़ा तहसील माखन-नगर नर्मदापुरम ने बताया कि उन्होंने 176 क्विंटल गेहूं की फसल श्री राधे वेयरहाउस को बचा था, जिसकी बकाया राशि का भुगतान एक माह पश्चात भी नहीं हो पाया है। जिसके कारण उन्हें कृषि कार्य में परेशानी हो रही है, आवेदन प्रस्तुत करते हुए गेहूं उत्पादन की राशि के भुगतान हेतु उचित कार्रवाई करने की मांग की। मामले की समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र भुगतान करने हेतु निर्देशित किया।जनसुनवाई के दौरान नीता कटारे एवं ललित कटारे शासकीय ग्रह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राएं समग्र आईडी में जाति सुधार करने के लिए सचिव को कई बार आवेदन देने के बाद भी सुधार नहीं हो रहा है, जिसकी वजह से उन्हें स्कॉलरशिप फॉर्म भरने में दिक्कत आ रही है। आवेदन देते हुये उन्होंने जाति प्रमाण-पत्र को शीघ्र ठीक कराने के लिए आवेदन दिया। हेमंत गौर वार्ड नंबर 16 नर्मदापुरम निवासी द्वारा नल-जल योजना के तहत वार्ड नंबर 16 पीली खंती में नल लगाए गए थे,लेकिन विगत दो वर्षों से पानी नहीं आ रहा है जिसके कारण वार्ड-वासियों में पानी को लेकर बहुत दिक्कत हो रही है जल्द से जल्द सुधार करने हेतु आवेदन दिया। इसी प्रकार अपर कलेक्टर श्री सिंह ने अन्य आवेदनों की भी सुनवाई की।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com